10 रोहित शर्मा...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

12 श्रीलीला...



रांची, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -237 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**पप्पू गुप्ता**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन एक यात्रा है जिसमें हम नए मंजिलों की ओर बढ़ते रहते हैं, परंतु कभी-कभी रास्ते में कठिनाइयाँ और परेशानियाँ आती हैं। इस यात्रा में सफलता पाने के लिए आवश्यक है कि हम हर चुनौती को उत्साह और संघर्ष के साथ स्वागत करें।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,200**
चांदी (प्रति किलो) : **99,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,138.96**
निफ्टी :- **23,031.40**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **26** °
न्यूनतम तापमान : **13** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:21**
संध्या :- **17:44**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1924 को कम्प्यूटिंग टेबुलेटिंग रिकॉर्डिंग कंपनी ने खुद का नाम बदलकर इंटरनैशनल बिजनेस मशीन रखा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है।**

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं आज रहेंगी स्थगित

**रांची।** राज्य भर में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहार शब ए बारात पर होनेवाले अवकाश के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। इसलिए अवकाश के चलते उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि को होगी। उल्लेखानीय है कि ये परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हैं और तीन मार्च तक चलेंगी। अवकाश के कारण सभी सरकारी कार्यालय और बैंक शुक्रवार को बंद रहेंगे। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**रांची।** निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी. यह घटना गुरुवार की सुबह जिले के पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर रोड नंबर 4 में हुई है. जहां निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरने से एक मजदूर की जान चली गयी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मजदूर निमार्णाधीन बिल्डिंग के ऊपर काम कर रहा था. इसी दौरान वो अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया. जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

### बजट सत्र की तैयारियां शुरू, 21 को बैठक

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय ने बजट सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 21 फरवरी को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य दलों के नेता उपस्थित रहेंगे। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बजट की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# व्हाइट हाउस में मोदी-ट्रंप की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित हुई. इस महत्वपूर्ण मुलाकात में दोनों नेताओं ने व्यापारिक संबंधों, अवैध प्रवास और वैश्विक शांति सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. बैठक के दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना दोस्त बताया और उनके नेतृत्व की सराहना की. वहीं, पीएम मोदी ने ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए पुनः चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं. बैठक से पहले, दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न सवालों के उत्तर दिए.



**भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर पीएम मोदी और ट्रंप की सकारात्मक बातचीत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक के दौरान कहा कि भारत की जनता ने उन्हें तीसरी बार सरकार चलाने का जनादेश दिया है और वे उसी ऊर्जा के साथ अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं. ट्रंप ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी को बधाई दी और भारत के साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ते बनाने की प्रतिबद्धता जताई. ट्रंप ने बैठक में भारत द्वारा तेल और गैस खरीदने को लेकर सकारात्मक संकेत दिए और कहा कि इससे दोनों देशों के आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे. उन्होंने पीएम मोदी के साथ अपनी पुरानी मुलाकातों को भी याद किया और ह्यूस्टन में आयोजित ह्यहाउडी मोदीह्ल कार्यक्रम और अहमदाबाद यात्रा का विशेष रूप से उल्लेख किया. ट्रंप ने कहा कि भारत में उन्हें जो स्वागत मिला था, वह अविस्मरणीय था और वह भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करना चाहते हैं.

**व्यापार समझौते पर ट्रंप का बड़ा बयान**

बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि आने वाले समय में भारत और अमेरिका के बीच शानदार व्यापार समझौते होने वाले हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका भारत को तेल और गैस निर्यात करने को लेकर उत्साहित है. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उनका स्वागत पुराने मित्र की तरह किया, जिससे उन्हें नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी कार्यक्रमों की याद आ गई.

**रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत की स्थिति स्पष्ट**

जब रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी प्रकार से तटस्थ नहीं है, बल्कि हमेशा शांति की वकालत करता है. पीएम मोदी ने कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है और समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकाला जा सकता. उन्होंने कहा कि भारत शांति की सभी पहलों का समर्थन करता है और किसी भी संघर्ष को बातचीत के माध्यम से हल करने की आवश्यकता पर बल देता है. साथ ही, उन्होंने ट्रंप की युद्ध को समाप्त करने की पहल का समर्थन किया.

**चीन को लेकर ट्रंप का जवाब**

बैठक के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि यदि वे भारत के प्रति कड़े फैसले लेते हैं, तो वे चीन को कैसे हरा सकते हैं? इस पर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी को भी हरा सकता है, लेकिन उनका मकसद केवल प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि अच्छा काम करना है. उन्होंने कहा कि उनकी नीतियां अमेरिका को आगे ले जाने के लिए थीं, लेकिन उन्हें रोक दिया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई यह बैठक कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रित रही. दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई. व्यापारिक समझौते, ऊर्जा सहयोग और वैश्विक शांति को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई. इस बैठक से दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

# घर लौट रहे तीन बुजुर्गों का गजराज से हुआ सामना, एक वृद्ध को पटक कर मार डाला



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**खूंटी।** वन प्रमंडल के तमाड़ रेंज में हाथियों के झुंड ने एक बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला. मृतक व्यक्ति की पहचान सिकंदर अहिर के रूप में हुई है, जो तमाड़ थाना क्षेत्र मंक बारूडीह गांव का निवासी था और जिसकी आयु 80 वर्ष के लगभग थी. यह घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार एक ही बाइक पर सवार तीन व्यक्ति चांडिल स्थित मिलन चौक के समीप से लड़की देखकर घर लौट रहे थे. बताया जा रहा है कि वृद्ध अपने बेटे के लिए लड़की देखने गया था. इसी दौरान जोजोपीढ़ी के समीप सलगाडीह कनाल पर एक हाथी के साथ उनका आमना सामना हो गया.

अचानक सामने हाथी देख कर मोटरसाइकिल को जमीन पर पटक कर बाइकसवार तीनों व्यक्ति भागने लगे. मगर हाथी ने तीनों का पीछा करते हुये सिकंदर अहिर को सूंड में लपेटकर जमीन पर पटक दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया. जबकि अन्य दोनों रामानंद अहिर और कोलेबो अहिर भागने में सफल रहे. सिकंदर अहिर को मरा हुआ समझकर हाथी जंगल की ओर वापस चला गया. भागने के पश्चात दोनों ने तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी. परिजनो ने घायल अवस्था में सिकंदर अहिर को तमाड़ हॉस्पिटल लाया. जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी. वन विभाग के वनरक्षी शुभम जायसवाल ने बताया कि उन्हें देर शाम लगभग आठ बजे इसकी सूचना मिली. सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल का निरिक्षण कर अस्पताल पहुंची और जांचोपरांत परिजनों को 50 हजार रुपये सहायता के तौर पर दिये. उन्होंने बताया कि कागजी प्रक्रिया के बाद मुवावजे की राशि दी जाएगी. मौके पर वनपाल राजू कुमार महतो, वनरक्षी सुभम जायसवाल, दिलीप मुंडा और सुमित तोपनो मौजूद थे.

# नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दे : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई हाई पावर कमिटी की बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पावर कमिटी की बैठक में समीक्षा कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी।



समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है।

बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है।

समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गयी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हाई पावर कमिटी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, कृषि सचिव श्री अबू वक्कर सिद्धीकी, ग्रामीण विकास सचिव श्री के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।









# लोहरदगा खनन विभाग ने खनन माफियाओं पर शिकंजा,अवैध परिवहन करते पकड़ा गया हाईवा,सदर थाना में मामला दर्ज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक मोड़ के निकट गुरुवार को अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने एक हाईवा वाहन को जब्त कर लिया। जप्त वाहन अवैध रूप से चिप्स (क्रशर से निकला पत्थर) का परिवहन कर रहा था। विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान वाहन को रोका और कागजात की मांग की, तो चालक पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन निरीक्षक ने हाईवा को जब्त कर सदर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करा दिया। डीएमओ राजाराम प्रसाद के निर्देश पर खनन खनन निरीक्षक ने इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया है। खनन विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने से इस अवैध धंधे में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने इस संदर्भ में कहा कि, यह कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की गई है। आगे भी इस तरह के अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। विभाग लगातार अभियान चला रहा है। जिससे, अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। ताबड़तोड़ कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन और खनन विभाग की यह मुहिम जारी रहेगी, ताकि खनिज संसाधनों की चोरी और गैर-कानूनी कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि, जिले में अवैध खनन और परिवहन को नियंत्रित करने को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान अवैध चिप्स लोडेड हाईवे जप्त किया गया।मामले पर सदर थाना में मामला दर्ज करा कर खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## बरतुआ में वृक्षारोपण पश्चात लिए गए पौधा संरक्षण का शपथ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू ।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरतुआ के राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार को 15 आम के बड़े-बड़े पौधे जिनमें कुछ पौधों में मंजर तक आ गए थे लगाए गए। पौधे लगाने के एक सप्ताह पूर्व 2 फीट बाई 1 फीट का गड्ढा किया गया था। पौधे लगाने के पूर्व करंज का खली डाला गया ताकि कीड़े मकोड़े ना लगे। सभी पौधे स्वस्थ थे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग उपस्थित थे। वहु विद्यालय के प्रधानाध्यापक किशोर कुमार महतो, सहायक शिक्षक भुवनेश्वर महतो, सुरेश महतो, पलानी के प्रधानाध्यापक हरिद्वार सिंह, मातृ शक्ति सुनीता देवी, विद्यालय के छात्र तथा छात्रों के अभिभावक आदि सबों ने शपथ लिया कि मैं पौधे के संरक्षण हेतु एक दिन छोड़कर एक दिन इसमें पानी डालूंगा और पौधे का जाली से घेराव करूंगा । हालांकि विद्यालय में मजबूत बाउंड्री है। विदित हो कि पौधे लगाने के लिए सरकार के द्वारा कुछ राशि उपलब्ध कराई गई थी। अगले दिन और पौधे लगेंगे। गड्ढा किया हुआ है। इसके पूर्व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से सागवान, अशोक आदि के पौधे लगाए गए थे। जो अब बड़े-बड़े पेड़ हो गए हैं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भुवनेश्वर ठाकुर संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला रायगढ़ ने दी।

## विधायक श्रीमती ममता देवी ने रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण किया



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा की विधायक श्रीमती ममता देवी ने रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित अनाथ बच्चों और वृद्धजनों से मुलाकात की, उनका हालचाल जानी तथा उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया।विधायक श्रीमती ममता देवी ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ₹हमारी सरकार आपके भलाई के लिए पूरी तरह से समर्पित है और हर हाल में आपको सुविधाएं देने का प्रयास करेगी।₹इस दौरान आश्रम के प्रबंधन से भी बातचीत कर आवश्यक सुधारों एवं जरूरतों पर चर्चा की गई। विधायक ममता देवी जी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधा और सहायता प्रदान की जाए।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत गोला प्रखंड में विधायक ने किया पशु का वितरण



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत गोला प्रखंड में आयोजित पशु वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पशुपालकों के बीच बकरियां और मुर्गियां वितरित कीं। विधायक ममता देवी ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की पहल है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। इस कार्यक्रम से पशुपालकों को न केवल आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त माध्यम है। मौके पर डॉ राजेश,बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो,तसलीम अंसारी, सगीर अंसारी, राजकुमार महतो, हेमलाल महतो,मिथलेश कोटवार सहित दर्जनों लाभुक शामिल थे।

## लोहरदगा मे वीर बुधु भगत जयंती 17 फरवरी को,मंत्री दीपिका पांडे सिंह, सांसद-विधायक व प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे शामिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में 17 फरवरी को अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के प्रतिनिधि साजीद अहमद के नेतृत्व में भंडरा प्रखंड में बैठकें आयोजित कर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों को समारोह की रूपरेखा से अवगत कराया गया और अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया।इस विशेष अवसर पर जतरा एवं विकास मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खोड़हा दल बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा जतरा में भाग लेने वाले खोड़हा दलों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस मेले में लोहरदगा जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग जुटेंगे और वीर बुधु भगत के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।इस भव्य आयोजन में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके अलावा, सांसद, विधायक, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, समाज के अगुवा, पाहन-पुजार और ग्राम प्रधान भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस जनसंपर्क अभियान में सांसद प्रतिनिधि साजीद अहमद, भंडरा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह जिला राजी पड़हा कोटवार डोमना उरांव, मुखिया तेतरा उरांव, श्रवण पाहन, चरकू पाहन, चंदर उरांव, विजय चौहान, शंकर उरांव, विक्रम पन्ना, गुलाम जिलानी, शाहजहां असारी, सुकरा उरांव, राजू उरांव, जुलफान अंसारी, झिरगा उरांव, बुधवा उरांव, फागु उरांव, हमीद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल वीर बुधु भगत के बलिदान को याद करना है, बल्कि उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना भी है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके संघर्ष और शौर्य से प्रेरित हो सकें।

# लोहरदगा मे कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई मैट्रिक व इंटर परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में वार्षिक माध्यमिक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा गुरुवार को शाम 5:00 बजे पूरी तरह शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन और परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली।मैट्रिक की परीक्षा जिले के 17 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 12 केंद्रों में संपन्न हुई। गुरुवार को मैट्रिक के वाणिज्य और गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में 404 परीक्षार्थियों में से 397 शामिल हुए, जबकि 7 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, इंटरमीडिएट की हिंदी और अंग्रेजी विषयों की परीक्षा में 3,736 में से 3,712 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 24 अनुपस्थित रहे। इस वर्ष जिले भर में मैट्रिक परीक्षा में कुल 7,205 और इंटर परीक्षा में कुल 4,725 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं।कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई। इसके साथ ही, पर्याप्त संख्या में स्टैटिक पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। उड़नदस्ते भी लगातार गश्त कर रहे थे। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल भी तैनात किया गया था। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई। किसी भी विद्यार्थी को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। साथ ही, कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को स्पष्ट निर्देश और चेतावनी दी गई थी।जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हुई। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने पहले ही परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी थी। परीक्षा केंद्रों के आसपास शराब और गुटखा की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था।कड़ी सुरक्षा और प्रशासन की सतर्कता के चलते परीक्षा बिना किसी अव्यवस्था के सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों ने संतोष व्यक्त किया।

## विधायक रोशनलाल चौधरी ने महामहिम राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**पतरातू ।** गुरुवार को रांची में महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्र के कई अन्य व्यक्ति भी शामिल रहे।

## पतरातू में बाबा बूचा बांध में बूचा बांध ट्रस्ट की तृतीय वार्षिक वर्षगांठ मनाई गई



**विधायक ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया उद्घाटन**

**विधायक ने कहा : यह श्रद्धा और विश्वास का अटूट प्रतीक है, हमारे लिए अनमोल धरोहर हैं बूचा बांध बाबा**

**पतरातू।** पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित मान्यताओं एवं आस्था के दरबार बाबा बूचा बांध के मंदिर निर्माण के लिए जो ट्रस्ट बनाई गई थी उसकी तृतीय वर्षगांठ गुरुवार को मनाई गई। कार्यक्रम में बड़का गांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी ने कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर की। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। जहां विधायक ने कहा कि बाबा बूजा बांध के इस पूजा स्थल के विकास एवं सुंदरीकरण के लिए हमें बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। यह हमारे क्षेत्र की धरोहर है जो विश्वास और आस्था का एक अटूट प्रतीक माना जाता है। यहां दूर दराज से लोग अपनी मन्नत मांगने आते हैं। यह हम पतरातू वीडियो के लिए गौरव की बात है। ऐसे में यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इस बात का इस ट्रस्ट को हमेशा ख्याल रखना चाहिए और उसके अनुरूप नित्य नए नए संसाधन जुटाने का प्रयास करना चाहिए।

## नई दिल्ली में कांग्रेस सांसदों की अहम बैठक, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत रहे शामिल

**लोहरदगा।** नई दिल्ली स्थित संसद भवन में गुरुवार को कांग्रेस सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने की। इस बैठक में आगामी बजट सत्र समेत संसद सत्र से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के उप नेता गौरव गोगई, संगठन महासचिव एवं सांसद के.सी. वेणुगोपाल, सांसद प्रियंका गांधी, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता एवं सांसद उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व प्रियंका गांधी और लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत एक साथ संसद भवन पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी की रणनीति को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। इस अहम बैठक में पार्टी के सांसदों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। यह बैठक आगामी बजट सत्र और विभिन्न संसदीय मुद्दों पर कांग्रेस की रणनीति को मजबूत करने के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## सेन्हा मे मारपीट के मामले में तीन लोगों को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठियो गांव में बीते वर्ष मारपीट की घटना हुई थी.जिस मामले में फरार चल आरोपियों को सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पर एएसआई असरफी बहेलिया द्वारा गुरुवार को गिरफ़्तार कर तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया.वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 107/24 दिनांक 25 दिसंबर 2024 को मारपीट का मामला दर्ज किया गया था. जिसमें सीठियो कल्हु टोली निवासी कुलेश्वर साहू का पुत्र शिव प्रकाश साहू,मथुरा साहू का पुत्र सुलेश्वर साहू और कुलेश्वर साहू आरोपी थे.जिसे सभी लोग फरार चल रहे थे.वही गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत मद लोहरदगा जेल भेज दिया गया.

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा बगड़ू जामुन टोली का तृतीय दिवसीय वर्षगांठ मनाया



**लोहरदगा :** गुरूवार को बगड़ू जामुन टोली विद्यालय परिसर में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा बगड़ू जामुन टोली का तृतीय दिवसीय वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बगड़ू पहान प्रकाश पहान द्वारा सरना स्थल पर पूजा पाठ सरना रूढ़िवादी परामपरा पूजा पाठ के साथ किया गया। मंच पर रखें कलश में दीप को प्रज्ज्वलित करके की गई। इसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों को आदिवासी समाज परामपरा वेषभूषा वाद्ययंत्र बजाना गाजा के साथ स्वागत लोटा पानी, सखुआ पत्ता पुष्प माला, शॉल भेंट देकर सम्मान किया गया। वक्तों ने आदिवासियों को संगठित होने, पेशा कानून नियमवाली, परामपरा, विरासत और वेषभूषा रीति-रिवाज, धार्मिक, सांस्कृतिक, शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा किया गया। और साथ ही साथ रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति के जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, केन्द्रीय से उपाध्यक्ष सोमे उरांव कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, कोर कमिटी से फूलदेव भगत, सुधू भगत, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, जिला समिति सदस्य पंकज उरांव, बालकिशुन उरांव, महिला प्रकोष्ठ से महिला अध्यक्ष जयंती उरांव, सुलेखा,नीलम,प्रमीला महमानीय, उषा क्रांति,गुंजा अजय, बगडु जामुन टोली राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सदस्य पुनीता उरांव, पंचोला उरांव, सावित्री उरांव, सुमित्रा, उमा उरांव, चन्द्रमनी उरांव, शनचारिया, छेछवा उरांव समेत भारी संख्या में ग्रामीणगण मौजूद थे। मंच संचालक गोयन्दा उरांव ने किया।

# शहरों का जीवन स्तर विकसित करने के सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ाएं: नगर विकास सचिव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा है कि शहरों का सुंदरीकरण एवं गरिमा बढाने की जवाबदेही नगर निकायों की है. इसके लिए शहरों मे रह रहे लोगों का जीवन स्तर गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए बुनियादी सुविधाएं बढायीं जायें. वे गुरुवार को नगर निकायों के योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की समीक्षा में कहा कि शहरों की गरिमा बढाने एवं सुव्यवस्थित नगरीकरण लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाकर उपलब्ध कराया जाये. शहरों के जीवन स्तर को विकसित करने के लिए नागरिकों को हर बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायीं जायें. प्रधान सचिव ने इस योजना में 70 प्रतिशत से कम काम कराने वाली नगर निकायों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मार्च के अंत तक काम के प्रतिशत को बढाया जाये. साथ ही सभी योजनाओं के लिए आवंटित राशि मार्च तक खर्च की दी जाये. किसी भी हाल में राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी.

**क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर बनाई जाए योजनाएं**

राज्य और शहरों का सम्मान वहां उपलब्ध आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं से ही होता है. इसलिए क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर योजनाएं बनायीं जाये. इसमे संबंधित उपायुक्तों से समन्वय बना कर काम किया जाये. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिजली और पानी जरूर उपलब्ध कराने का प्रावधान होना चाहिए.

**निविदा निष्पादन का काम नहीं लटकाएं**

प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि निविदा निष्पादन के काम को लटकाया नहीं जाये. जो कंसेसनायर, कंसल्टेंट और एजेंसी काम में हीलाहवाली करते हों, उन्हें नोटिस देकर टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाये. छोटी परियोजनाओं के लिए कंसलटेंट और एजेंसियों का पैनल बना कर कार्य कराया जिससे कोई कार्य लटके नहीं. सिवरेज, सेप्टेज और जलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहा कि सिवरेज सिस्टम उत्कृष्ट नगरीय व्यवस्था का प्रमुख पहलू है. इसलिए जमीन और अन्य तकनीकी अनुपलब्धता का बहाना नहीं बनाया जाये. 15 दिनों के भीतर सिवरेज और सेप्टेज से संबंधित योजनाओं का डीपीआर बना कर कार्य आवंटित किया जाये. जलापूर्ति योजनाओं के तहत पाइप बिछाने से पहले जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बनवा लिया जाये.

**नये बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाये**

शहरों मे स्थित या नये बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाये जिससे लोग वहां ठहरने में झिझके नहीं. बिजली, पानी और फर्नीचर सुदृढ़ होना चाहिए. स्वरोजगार के लिए लाभुकों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करायी जाये ताकि बड़े पैमाने पर जरूरतमंद अपना व्यवसाय बढ़ा सकें. इसके लिए सिटी मिशन मैनेजरों को जवाबदेही दी जाये. बैठक में सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, रांची नगर निगम क प्रशासक संदीप कुमार, डीएमए डायरेक्टर सत्येंद्र कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार दूबे, ओएसडी विजय कुमार, जुडको के पीडीटी, गोपाल जी, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती तथा अन्य लोग उपस्थित रहे.

## अरगोड़ा चौक पर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने वीर बुधु भगत को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** वीर बुधु भगत हुही (क्रांति) मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की की अगुवाई में गुरुवार को आदिवासी संगठनों ने अरगोड़ा चौक पर वीर बुधु भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके नाम पर बनाए गए स्थल पर शिबु पाहन ने पूजा-अर्चना की. कार्यक्रम में सैकड़ों आदिवासी महिला और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में एकजुट हुए. वीर बुधु भगत के जन्मस्थल से उनके वंशज मिट्टी और जल लेकर आए थे, जिनमें रामधनी भगत, शिवपूजन भगत और बिहारी भगत शामिल थे. उन्हें भव्य रूप से अरगोड़ा चौक पर स्वागत किया गया.मुख्य अतिथि के रूप में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा उपस्थित हुए और कहा कि वीर बुधु भगत आदिवासी समाज के लिए प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे. आज भी युवा पीढ़ी उनके संघर्ष और बलिदान को याद करती है. उनके जन्म दिवस पर उनके जन्मस्थल सिलागाई में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. उन्होंने यह भी कहा कि अरगोड़ा चौक पर जल्द ही वीर बुधु भगत की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए.

**मौके पर ये लोग रहे मौजूद**

इस अवसर पर शिबु पाहन, सुखाड़ी उरांव, सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष संजय कुजूर, वीर बुधु हूही क्रांति के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, कारणी अध्यक्ष अनील तिग्गा, रवि तिग्गा, विद्या सागर केरकेट्टा, प्रो. राम किशोर भगत, सुखराम लकड़ा, गुलाब चंद्र बाड़ा, संजय कुजुर, झरी लिंडा, राजु तिग्गा, सुलेन गाड़ी, सुधीर उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## शब-ए-बारात पर पूरी रात चलेगा इबादत का सिलसिला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** एदार ए शरीया झारखंड के नाज़िमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि आज शब-ए-बरात है, जो बरकतों, रहमतों से भरी हुई है. अल्लाह शब-ए-बरात पर रहमत के फरिश्तों को विश्व के कोने-कोने में भेजता है. वह फरिश्ते सूरज डूबने से लेकर सूरज निकलने तक रहता है. कोई मुसीबत में जिसकी मुसीबतें दूर कर दी जाए, है कोई जरुरतमंद जिसकी जरुरतें पूरी की जाएं, और ये सिलसिला रात भर चलता रहता है. नाजिमे आला ने कहा कि इस रात में परिवार के मृतकों की आत्मा घरों में आती हैं. आवाज लगाती हैं कि क्या हमारे परिवार का कोई व्यक्ति है जो मुझे नेकियां और सवाब पहुंचाएं

**यह रात अल्लाह की खुशी हासिल करने की रात होती है**

उन्होंने कहा कि जो लोग शब-ए-बारात को समझ नहीं पाते हैं, वे पूरी रात बाइक से सड़कों पर घूमते हैं. बहुत से बच्चे आतिशबाजी करते हैं. जबकि यह हराम है. नाजिम-ए-आला ने कहा कि अंजुमन, कमेटी व पंचायत के पदाधिकारी आतिशबाजी करने बाइक से स्टंट करने वालों पर भी कड़ी नजर रखें. इदारा शरिया झारखंड के नाजिम-ए-आला मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र भेजकर शब-ए-बारात के अवसर पर साफ-सफाई, पानी, बिजली और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने की अपील की है. कब्रिस्तान कमेटियों से भी कहा है कि वे कब्रिस्तानों में रोशनी और अन्य व्यवस्थाएं पूरी तत्परता से करें और लगातार निगरानी रखें. मस्जिद कमेटियां भी रात के जागरण करने वालों के लिए पानी का इंतजाम करें और महिलाएं और लड़कियां घर पर ही नमाज अदा करें.

## सदर इलाके में तीन फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी



**रांची।** सदर थाना क्षेत्र में तीन फ्लैट का ताला तोड़कर का चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. सदर थाना क्षेत्र के पीतांबर रेजिडेंसी के तीन फ्लैट्स का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने और नगद रुपया का चोरी कर लिया. चोरों ने पीतांबर रेजिडेंसी के फ्लैट नंबर 305, 401 और 402 में चोरी की घटना को अंजाम दिया है. फ्लैट नंबर 401 में रहने वाले अमित कुमार के ससुर का देहांत हो गया था. जिसकी वजह से वह अपने परिवार के साथ हजारीबाग गए हुए थे. इसी दौरान चोरों ने उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया. उनके फ्लैट से 12 लाख के गहने और कुछ नगद पैसे चोर चोरी कर ले गए हैं. फ्लैट नंबर 305 और 402 में रहने वाले लोग अभी तक नहीं आ पाए हैं, इसलिए उनके यहां चोरी कितने की हुई है इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है.

## बिजली वितरण निगम का दावा: गर्मी में नहीं होगी बिजली की कमी



**रांची।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने दावा किया है कि राजधानी रांची में बिजली की कमी नहीं होने दी जाएगी. 15 मार्च तक ग्रिड मेंटेनेंश का काम पूरा कर लिया जाएगा. रांची में लगभग 400 मेगावाट तक की मांग पूरी की जाएगी. बताते चलें कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली खरीद पर 9285.68 करोड़ रुपए खर्च करेगा. इसमें सोलर व पवन ऊर्जा सहित 10 पावर जेनरेशन कंपनियों से 8221.69 करोड़ की बिजली खरीदेगा. जबकि पीजीसीआइएल, पोस्को और झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के लाइन से बिजली लेने पर ट्रांसमिशन चार्ज के रूप में 1063.98 करोड़ रुपए खर्च करेगा.

**एनटीपीसी से खरीदेगा 3441.89 करोड़ की बिजली**

बिजली वितरण निगम एनटीपीसी से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3441.89 करोड़ की बिजली खरीदेगा. डीवीसी से 2302.56 करोड़, टीवीएनएल से 1050.46 करोड़ और आधुनिक पावर से 631.97 करोड़ की बिजली खरीदेगा.

## स्कूली शिक्षा विभाग ने अवकाश सूची में किया आंशिक संशोधन




**रांची।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने साल 2025 की अवकाश सूची जारी कर दी है. इस सूची में कुल 62 छुट्टियां निर्धारित की गई हैं, जो सभी विद्यालयों के लिए लागू होंगी.

**गर्मी की छुट्टी में बदलाव**

पहले जारी की गई अवकाश तालिका में आंशिक संशोधन किया गया है. इसके अनुसार, गर्मी की छुट्टी अब 22 मई से 4 जून तक होगी, जो पहले 22 मई से 2 जून तक निर्धारित थी.

**अवकाश तालिका का पालन अनिवार्य**

यह अवकाश तालिका सभी विद्यालयों के लिए लागू है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालय हो या फिर मध्य विद्यालय या प्लस टू स्कूल. स्कूलों को इन आदेशों का पालन करना अनिवार्य है.

## अब एक कॉल पर होगा खराब चापाकल की समस्या का समाधान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने गर्मी में पेयजल संकट को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है. उपायुक्त के निर्देश पर पेयजल विभाग ने दो हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं. 7870090130 और 6205199525 पर कॉल कर आप अपने इलाके के खराब चापाकल की स्थिति के बारे में जानकारी दे सकते हैं.

**राज्य में 40 हजार से अधिक चापानल खराब**

राज्यभर के 15 जिलों में एक से लेकर चार हजार से अधिक चापानल खराब पड़े हैं. सभी जिलों में कुल 40,376 चापानल खराब हैं. राज्यभर में कुल चापानलों की संख्या एक लाख 81 हजार 823 है. इसमें से एक लाख 41 हजार 339 चापानल ही चालू हैं. बोकारो में सबसे अधिक 4449 चापानल खराब पड़े हैं. वहीं गिरिडीह में 3371, दुमका में 2202, खूंटी में 2067, पाकुड़ में 2760, रांची में 2579 और सिमडेगा में 2040 चापानल खराब हैं.

**शिकायत निवारण प्रक्रिया**

- सभी कंट्रोल रूम में शिकायत रजिस्टर रखा जायेगा.
- आमलोग अपनी शिकायत रजिस्टर में दर्ज करा सकते हैं.
- संबंधित पदाधिकारियों को दर्ज शिकायतों की निगरानी करनी होगी.
- शिकायतों को दूर करने के बाद मुख्यालय को रिपोर्ट भेजनी होगी.
- शिकायत केंद्र और कंट्रोल रूम सभी कार्यदिवस के दिन कार्यरत रहेंगे.

**क्या है पेयजल विभाग की तैयारी**

- पेयजल विभाग ने सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम बनाना शुरू कर दिया है.
- इसमें कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है.
- सहायक अभियंताओं को चापानलों की मरम्मत के लिए दल का गठन करने को कहा गया है.

## इम्तियाज को बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार




**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े फजीर्वाड़े में बीते साल 20 अगस्त से जेल में बंद इम्तियाज अहमद की मुश्किलें बढ़ गयी है. रांची सिविल कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया है. इम्तियाज पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जाली आधार कार्ड और बिजली बिल बनाकर सेना की जमीन बेचने का आरोप है. बता दें कि इस मामले को लेकर बरियातू थाना में 4 जून 2022 को मुख्य आरोपी प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. जांच के क्रम में इम्तियाज अहमद का नाम सामने आया. प्राथमिकी के मुताबिक, इम्तियाज अहमद ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस और कोलकाता के कर्मचारियों के सहयोग से फर्जी विलेख बनाने में शामिल था. जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ के दौरान सह-आरोपी अफसर अली ने होल्डिंग नंबर हासिल करने के लिए 90,000 रुपये के लेनदेन की बात स्वीकार की.

## झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने चलाया सदस्यता अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**झामुमो के सदस्यता अभियान मे उमड़ रहा लोगों का हुजूम**


**रांची** । झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में गुरुवार को रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान मे पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य जी उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कु० मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, परवेज आलम, राजेश सिंह, मो परवेज, विजय रविदास, आजाद रजा, अवधेश यादव, निखिल, राकेश, कासिफ रजा, अतिकुर रहमान, फारुख खान, मनीष राणा, भास्कर महतो एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप रंजन कु सहाय, डॉ तुलसी साहू, बसंत राम, बी बी सिन्हा, दिलीप सिंह, ओ.पी उपाध्याय, शांति कुजूर, शीला उरांव, इंदु उपाध्याय, दिनेश राम, ऋषभ आनंद, संतोष ठाकुर, विजय ठाकुर एवं डोरंडा फुटपाथ दुकानदार समिति के अध्यक्ष मो इब्राहिम, मुन्ना गोसाई , मोनू सिंह, राजकुमार , विक्की अली, मो सफीक एवं अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली ।पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यगणों और जिला व रांची महानगर के वरिष्ठ नेतागणों ने पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा हमारे सदस्यता अभियान की शुरूआत 18 जनवरी से हुई है। और जब जब शिविर लग रहा है लोगों का हुजूम आ रहा है और लोग अपने स्वेक्षा से पार्टी से जुड़ रहे हैं। पार्टी का जो लक्ष्य है हम उससे ज्यादा सदस्य जोड़ेंगे। सदस्यता अभियान मे लोगों का जो उत्साह देखने को मिल रहा है वो बता रहा है कि जिस तरह से लोगों ने हेमंत सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया उसी तरह पार्टी से जुड़ कर पार्टी को भी मजबूत कर रहें हैं। संयोजक मंडली के सदस्यों द्वारा बताया गया कि पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे चल रही विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। मुख्य रूप से महिलाओं और युवाओं का रुझान पार्टी की ओर ज्यादा है और वो पार्टी से भी जुड़ रहें हैं। पार्टी नेतृत्व के द्वारा 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है और हम निश्चित ही इस लक्ष्य को पूरा करेंगे।

## झारखंड लोक सेवा आयोग का पिंड दान कर अभ्यर्थियों ने किया सांकेतिक विरोध



**राची।** जेपीएससी छात्र सत्यनारायण शुक्ला ने आज झारखंड लोक सेवा आयोग के मुख्य गेट के सामने पिंड दान किया और ब्राह्मण भोज कार्यक्रम आयोजित कर विरोध जताया. इस दौरान छात्रों ने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से रिक्त है, जिसके कारण जेपीएससी परीक्षा के 11वीं और 13वीं मुख्य परीक्षा के परिणाम, फुट शेफटी ऑफिसर परीक्षा का परिणाम, सीडीपीओ मेंस परीक्षा का परिणाम, असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफि सर और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर परीक्षा का परिणाम अब तक प्रकाशित नहीं हो पाया है. इसके कारण हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में है और उनका समय नष्ट हो रहा है. माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और कोचिंग फीस का बोझ बढ़ता जा रहा है. राज्य सरकार आदिवासी-मूलवासी का बेटा होने की बात कर रही है, लेकिन झारखंड के निवासियों को नौकरी नहीं मिल रही है.जेपीएससी छात्र शशांक राज ने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी संस्था जेपीएससी है. लेकिन यहां अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से खाली पड़ा है. पढ़ाई-लिखाई के बाद नौकरी के जरिए भविष्य बनाने की उम्मीद थी. लेकिन लंबे समय से छात्रों का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है. छात्र रोजगार की मांग कर रहे हैं और इसके लिए संघर्ष कर रहे हैं.

## सोनाहातू में देर रात एक घर में लगी आग, पति-पत्नी जिंदा जले



**रांची।** घर में आग लगने से पति-पत्नी की मौत हो गयी. यह घटना बुधवार देर रात जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह गांव में हुई है. जहां रंजीत साहू नाम के व्यक्ति के घर में देर रात अचानक आग लग गयी. देखते-देखते आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया. इसी दौरान घर में सो रहे रंजीत साहू और उसकी पत्नी आग में बुरी तरह जल गये. स्थानीय लोगों ने जब तक उन्हें घर से बाहर निकाला. तब तक दोनों की मौत हो गयी. मृतक रंजीत साहू पेशे से बाइक मैकेनिक था.

**शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी आग**

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घर में आग कैसे लगी अब तक इसके पीछे का सही वजह सामने नहीं आ पायी है. हालांकि बताया जा रहा है कि घर में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी है.

# पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मध निषेध विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संबंधित जिलों में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।समीक्षा बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, माननीय विधायक,राजमहल मो. ताजुद्दीन, उपायुक्त,साहेबगंज हेमंत सती, उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक,साहेबगंज अमित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य साहेबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिलों में पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था।बैठक में माननीय मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं के वर्तमान कार्यों, उनकी प्रगति में आ रही चुनौतियों एवं समाधान के उपायों पर चर्चा की। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति पर विशेष जोर दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वच्छता मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों की स्थिति की नियमित जांच की जाए और जो भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र सुधार किया जाए।बैठक में कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्यों में धीमी प्रगति हो रही है, जिसे लेकर मंत्री ने पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियानों को और प्रभावी बनाया जाए। साथ ही हैंडपंपों एवं पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओं के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने मंत्री को आश्वासन दिया कि वे निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।बैठक में माननीय मंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लगातार क्षेत्रीय दौरा कर जमीनी हकीकत की समीक्षा करें और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता का अधिकार हर नागरिक को मिलना चाहिए और सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है।बैठक में लिए गए निर्णयों से यह स्पष्ट है कि सरकार पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं को पूरी गंभीरता से ले रही है और आम जनता तक इनका लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## कुंभ मेले में स्नान के बाद घर लौट रहे राजमहल के एक यात्री की मौत



**साहिबगंज।** कुंभ मेले में स्नान के बाद घर लौटते समय ट्रेन में चढ़ने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ जाने से राजमहल थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव निवासी विष्णु मंडल पिता भीम मंडल की मौत हो गई।वही मृतक के घर साहेबगंज जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश गांव का रहने वाला है।इसकी जानकारी मृतक के ममेरे भाई आनंद मंगल ने दिया।

## विद्या वाचस्पति मानद सम्मान₹ से नवाजे गए हाजीपुर राजगांव के जयकृष्ण मिश्रा




**मंडरो/साहिबगंज।** अयोध्या धाम में कहानिका हिंदी पत्रिका द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह विद्या वाचस्पति मानद सम्मान समारोह का आयोजन काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन सुखसंगल सिंह मंगल कुलाधिपति काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया अजय कांत सैनी डिप्टी कमिश्नर अयोध्या मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यकम की भूरि -भूरि प्रशंसा करते हुए इससे भी बढ़कर आयोजन अयोध्या में आयोजित करने की बात कही । विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलाधिपति सुखमंगल सिंह मंगल,कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक,उप कुलपति डॉ ओमप्रकाश पांडेय निर्भय और अन्य पदाधिकारी काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी ने अपना बहुमूल्य समय दिया। मंच का संचालन दुबई से आए जे.के.मिश्रा और शिव प्रकाश साहित्य वाराणसी ने संयुक्त रूप से की।जय कृष्ण मिश्रा जो कि मूल रूप से झारखण्ड के साहिबगंज जिला अंतर्गत ग्राम हाजीपुर राजगांव के रहनेवाले हैं फिलहाल दुबई में कार्यरत हैं और हिंदी साहित्य के क्षेत्र में देश विदेशों में परचम लहरा रहे हैं. इनको राष्ट्रीय एवम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर हिन्दी सहित्य के लिए कई प्रशस्ति पत्र प्राप्त है. इनके कई रचनाओं का प्रकाशन विभिन्न देशों के पत्र पत्रिकाओं में किया गया है.हिंदी साहित्य में इनके विशेष योगदान तथा उपलब्धियों के आधार पर इनको काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा ₹विद्या वाचस्पति मानद सम्मान ₹ प्रदान किया गया।जिले के कई गणमान्य लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर उनकी प्रसंशा की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## फॉसिल्स पार्क व बांसकोला गांव में चलाया गया वन अग्नि सुरक्षा अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सम्मी कला जत्था टीम ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को किया जागरूक**



**मंडरो/साहिबगंज।** फॉसिल्स पार्क व बांसकोला गांव में वन विभाग के वन अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को जंगलों में आग लगने के कारणों, उसके दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था।इस कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थे।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों और पर्यटकों को यह संदेश दिया गया कि जंगलों की आग केवल पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि वन्यजीवों और मानव जीवन को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती है।डीएफओ प्रबल गर्ग ने इस अवसर पर सभी वन रक्षियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण में जनभागीदारी बेहद आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रम लोगों को जिम्मेदारी समझने में मदद करते हैं।इस अभियान में वन विभाग के सभी वन रक्षी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वन संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने वन अग्नि से बचाव के उपायों की जानकारी प्राप्त की और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।वन विभाग की ओर से इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रखने की बात कही गई, ताकि जंगलों को आग से बचाने के लिए अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें।मौके पर उपस्थित वनपाल राणा रंजीत चौधरी, मंडरो वनरक्षी फैलिसिटस हांसदा, सनी रजक एवं सभी वन कर्मी थे।

## 6 दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**साहिबगंज।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 6 दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी के निदेशक रविन्द्र कुमार,एफिकोर के मुक्ति मेडम अतिथि प्रशिक्षक शोभा पांडेय प्रशिक्षक राजहंस कुमार एवं उपेंद्र गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड आजीविका सखी मंडल जेएसएलपीएस साहिबगंज के कुल 35 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो गांव की दीदियों को वित्तीय साक्षरता सीखाना तथा बचत की आदत को डालने के लिए प्रेरित किया जाना है।इस कार्यक्रम में कुल आजीविका सखी मंडल की 35 दीदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो विभिन्न प्रखंडों से आए हुए हैं जिसमें राजमहल,बरहरवा पतना,बोरियों एवं तालझारी के प्रशिक्षु उपस्थित हैं यह कार्यक्रम 18,फरवरी तक जारी रहेगी।मौके पर आरसेटी के सहायक रंजीत कुमार ठाकुर,आकाश कुमार एवं तौफीक आलम उपस्थित थे।

## घरेलू विवाद में मारपीट के दौरान एक युवक घायल

**साहिबगंज।** शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी कोदरजन्ना में घरेलू विवाद में मारपीट के दौरान 35 वर्षीय युवक घायल हो गया जहां घायल युवक के परिजनों ने बुधवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती बताया जा रहा है. कि बड़ी कोदरजन्ना निवासी गुड्डू कुमार मंडल एवं उसकी पत्नी सुनीता देवी को परिवार के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल सुनीता देवी ने बताया कि अपने घर में दो बच्चा को पढ़ा रही थी। इसी बीच मेरी भाभी गाली गलौज करने लगी मेरे पति पूछने गया तो गाली गलौज क्यों दे रही हो तभी मेरी भाभी रेखा देवी और उसके बच्चे ने मेरे पति गुड्डू को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और अपने पति को बचाने गई तो मेरे साथ भी मारपीट किया।

## पोक्सो एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया तामिला इश्तहार




**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत खट्टी टोला गांव में गुरुवार को राधानगर पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर इश्तेहार तामिला चिपकाया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के खट्टी टोला गांव के अरबाज शेख के विरुद्ध कांड संख्या 225/24 के तहत पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज है। घटना के बाद से आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे है। वही राजमहल व्यवहार न्यायालय से उक्त आरोपी को थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए नोटिस निर्गत किया गया है। इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई शिवानंद प्रसाद ने कहा कि न्यायालय के निर्देश के आलोक में पुलिस ने आरोपी के आत्मसमर्पण को लेकर उनके घर में इश्तेहार तामिला चिपकाया गया है। यदि उक्त आरोपी थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।


## झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,झारखंड के माननीय मंत्री श्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में नया परिसदन भवन में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, माननीय विधायक, राजमहल मो. ताजुद्दीन, उपायुक्त,साहेबगंज हेमंत सती, उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक,साहेबगंज अमित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने साहेबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिलों के राजस्व संग्रह की विस्तृत जानकारी ली। पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक लक्ष्य के करीब राजस्व संग्रह किया जा चुका है, जबकि शेष बचे राजस्व संग्रह में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। मंत्री ने इन समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली और पदाधिकारियों को राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को राजस्व संग्रह में तेजी लाने के साथ-साथ सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश भी दिए।बैठक में अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और कई अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई है। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध शराब बिक्री को पूरी तरह से नियंत्रित करने के लिए और अधिक सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने खासकर उन इलाकों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, जहां अवैध शराब का व्यापार अधिक होता है।बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया जाए, जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।मंत्री ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से कहा कि वे जनहित में काम करें और सरकार की नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और जनता को विभागीय कार्यों की जानकारी दें।

## झारखंड में सरकारी छुट्टी का ऐलान, कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना




**रांची :** झारखंड सरकार ने शुक्रवार शब-ए-बारात के मौके पर सरकारी छुट्टी की घोषणा कर दी है. इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है, इसमें कहा गया है कि कार्मिक प्रशासनिक और राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या 6776 दिनांक 14.10.2024 द्वारा वर्ष 2025 में विभिन्न पर्व अवसरों पर राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय में अवकाश घोषित किया गया है. अवकाश की अधिसूचना सरकार के संयुक्त सचिव आरिफ हसन के हस्ताक्षर से जारी की गयी है.

**स्कूल और साक्षरता विभाग ने भी जारी कर दी है अवकाश तालिका**

बता दें कि इससे पहले स्कूल और साक्षरता विभाग ने भी साल 2025 की अवकाश तालिका जारी कर दी है. पहले एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका 24 दिसंबर को जारी की गई थी. उसमें आंशिक संशोधन किया गया. इसके मुताबिक अब गर्मी की छुट्ट्टी 22 मई से चार जून तक होगी. जबकि इससे पहले गर्मी की छुट्टी 22 मई से दो जून तक निर्धारित थी.

**सरकारी स्कूलों के लिए 62 छुट्टियां निर्धारित**

यह अवकाश तालिका सभी विद्यालयों के लिए है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालय हो या फिर मध्य विद्यालय या प्लस टू स्कूल. बता दें कि इस साल में 62 छुट्टियां स्कूलों के लिए निर्धारित की गयी है. इन आदेशों को स्कूलों को हर हाल में पालन करना अनिवार्य है. इससे पहले कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जहां कई स्कूलों ने सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया था. कई बार देखने को मिला कि कई बार बच्चों के स्कूल समय से पहले ही बंद कर दिये गये हैं या फिर समय से पहले बुला लिये गये. मामला सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय का था.

**ग्रामीणों का आरोप लाभुक समिति भंग कर पुनः ग्रामीणों एवं मुखिया की उपस्थिति में हो निष्पक्ष ग्रामसभा**

## बिचौलिया के मिली भगत से गुपचुप तरीके से किया लाभुक समिति का गठन, ग्रामीणों ने किया विधायक से शिकायत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के मोमिन टोला( कटहल बाड़ी) गांव में कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य में ग्रामीणों एवं मुखिया को सूचना दिए बगैर बिचौलिया के मिली भगत से गुपचुप तरीके से ग्रामसभा किए जाने के मामले में स्थानीय ग्रामीण एवं मुखिया ने इसका विरोध किया है। स्थानीय ग्रामीणों ने गुरुवार को राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा से उनके राजमहल आवास मिलने पहुंचे जहां मामले को अवगत कराते हुए ग्रामसभा भंग कर पुनः ग्रामीण एवं मुखिया के मौजूदगी में ग्रामसभा करने की मांग की। ग्रामीण भीखू शेक, जियाउल शेख, बादशाह शेख, राहुल शेख, अमरूल शेख, एजाबुल शेख, राजेकुल आलम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कब्रिस्तान चहारदीवारी के घेराबंदी को लेकर बीते 8 फरवरी को मुखिया एवं ग्रामीणों को सूचना दिए बगैर गुपचुप तरीके से ग्रामसभा कर लाभुक समिति का गठन किया है। आगे बताया कि सरकार के गाइडलाइन को ताक पर रखकर ग्रामसभा किया है,जो सरासर गलत है। वही ग्रामीणों ने विधायक से मांग की की ग्रामसभा को भंग कर पुनः निष्पक्ष ग्रामसभा की जाए।

## महाशिवरात्रि को लेकर शिवगादी प्रबंध समिति कि हुई बैठक



**बरहेट/साहिबगंज।** शिवगादी प्रबंध समिति कि ओर से गुरुवार को मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रूपक शाह ने की।बैठक में महाशिवरात्रि को लेकर,शिव गादी प्रबंध समिति के सदस्यो के साथ चर्चा की गई।अध्यक्ष रूपक शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे।साथ ही साथ आदिवासी सफा होड श्रद्धालु की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।वही यातायात व्यवस्था को लेकर बरहेट से शिवगादी मुख्य सड़क व्यवस्था वन वे रहेगा।वही महाशिवरात्रि के दिन वालंटियर मंदिर प्रांगण में नियुक्त किया जाएगा।मौके पर सचिव उत्पल दत्त, संजय गुप्ता, शिवानंद शाह, कैलाश शाह, गुंजन सिंघानिया, निरंजन भगत के अलावा अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।

# सभी विद्यालय में होगी सुद्ध पेयजल की व्यवस्था : बीडीओ

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के हूरनाली पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक पंचायत में संचालित हो रही योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयो से ग्राम पंचायत हुरनाली में संचालित योजनाओं के कार्यों कि एजेंडा वार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई ।सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया जाना है' वैसे विद्यालय जहां आरओ नहीं लगा हुआ है से संबंधित सूची प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा ' संबंधित विद्यालयों में 15वे वित्त आयोग मद की राशि से आरओ सिस्टम लगाया जाएगा क प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुको के सर्वे का कार्य पीडब्लूएल सूची के अनुसार अविलंब पूर्ण करने को कहा गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासो को पूर्ण करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम जेएसपीएलएस विभाग के द्वारा चलाया जाएगा। मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित फोटो हो खेल मैदान योजना ,बिरसा हरित ग्राम योजना,आम बागवानी आदि की समीक्षा की गई। प्राथमिक विद्यालय टेटुआतरी का भवन बिल्कुल जर्जर होने की जानकारी दी गई जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा डीएमएफटी मद से नया भवन बनाने को लेकर ग्राम सभा का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश मुखिया को दिया गया। फोटो हो खेल मैदान योजना अंतर्गत विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग को दिया गया' बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 10 योजनाओं को चिन्हित कर रखने को कहा गया ताकि लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ कराया जा सके। मनरेगा योजना के तहत कुप योजना का लाभ आम बागवानी योजना के लाभुको को ही दिया जाएगा। डीएमएफटी मद से मिलने वाली 2 लढ एवं 01 लढ पंप सेट के लिए जल स्रोत का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया ।लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया जाएगा। पंचायत वार राजस्व ग्राम का समीक्षा किया गया। आपसी सहमति एवं बंटवारा के आधार पर जमाबंदी का कार्य करने हेतु जागरुक करने का निर्देश सभी राजस्व उपनिरीक्षक को दिया गया। उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पंचायत में कैंप लगाने को कहा गया। कृषि विभाग से संबंधित उपस्थित बीटीएम के द्वारा बताया गया कि मूंग दाल बीज वितरण हेतु प्राप्त हुआ है' प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बीटीएम को मूंग दाल बीज योग्य किसानों को वितरित करने एवं पंचायत सचिव और मुखिया को 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत अवशेष राशि को नियमानुसार व्यय करने का निर्देश दिया गया ।तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय, मनरेगा से संचालित आम बागवानी,कूप एवं अबूआ आवास योजना अंतर्गत निर्मित हो रहे आवासों का स्थल निरीक्षण कर पंचायत सचिव को योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया गया 'बैठक में अंचल, बाल विकास परियोजना, बिजली विभाग, आपूर्ति, मनरेगा, आवास, 15वे वित्त, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायती राज, जेएसएलपीएस, पशुपालन ,पेयजल एवं अन्य विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 153 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया




**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** पाकुड़ के बहिरग्राम अमड़ापाड़ा के सकरीगली एवं लिट्टीपाड़ा के जागेश्वर, मुकरी में आयुष विभाग की ओर से गुरुवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 153 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ सौरभ विश्वास, डॉ अमरेश कुमार, डॉ प्रेम प्रकाश एवं डॉ अफरोज आलम ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है ।14 फरवरी 2025 को महेशपुर के ईदगाहपहाड़, हिरणपुर के देवापाड़ा 02, लिट्टीपाड़ा के बड़ाघाघर एवं बासजोटी एवं अमड़ापाड़ा के मुस्लिमटोला में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फाइलेरिया से बचने की दवा खाने का दिया गया संदेश एवं सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी दी गई जानकारी

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़:** जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान को सफल बनाने और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय पाकुड़ की और से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव एवं उपचार के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के अंबाडीहा एवं अमड़ापाड़ा संथाली, पाकुड़ प्रखंड के दादपुर एवं कालिदासपुर एवं पाकुड़िया प्रखण्ड के खजूरडांगल एवं महुल पहाड़ी में लोकगीत के माध्यम से फाइलेरिया एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़- नाटक के टीम ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार दवाई सेवन कराया जा रहा है. गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के अलावा दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को यह दवा नहीं खिलायी जायेगी। इससे बचाव को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है, जिसमें आवासन के आस-पास गंदगी जमा नहीं होने दें एवं सोने से पहले मच्छरदानी का उपयोग करें। एल्बेंडाजोल व डीईसी की गोली का निश्चित रूप से सेवन करें। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें ।साथ ही अन्य लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक भी करें, ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी जड़ से समाप्त हो सके।

# झामुमो प्रखंड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया एवं संचालन विष्णुगढ़ प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। बैठक में मुख्य एजेंडा आगामी 15 फरवरी 2025 को झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा,गिरिडीह पूर्व सांसद व मांडू पूर्व विधायक गरीबों के मसीहा, झारखंड की राजनीति के स्तम्भ ,समाज सुधारक हम सब के प्रेरणा स्त्रोत श्रद्धेय स्व०टेकलाल बाबू के 80 वीं जंयती दिवस मनाने की तैयारी पर विचार विमर्श किया कार्यक्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पंचायतों से भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर ऐतिहासिक बनाने संकल्प लिया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं सभी पंचायत के अध्यक्ष और सचिवों की उपस्थिति में प्रखंड समिती के कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा किया एवं संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान मे तेजी लाने तथा राज्य सरकार की जनकल्यकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख रूप से रकीब अंसारी, डालेश्वर यादव, अनन्तलाल महतो, बाबू चंद मांझी, सुनील सिंह ,विष्णुधारी यादव, गांगो महतो, सुनिल राणा,द्वारिका महतो, जागेश्वर महतो, समेत कई संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डोमगढ़ बचाओ अभियान ने पीपी एक्ट नोटिस का किया विरोध



**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** 13 फरवरी को डोमगढ़ बचाओ आंदोलन ने पीपी एक्ट नोटिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन डोमगढ़ क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नेता और समाजसेवी भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पीपी एक्ट के तहत दिए गए नोटिस को अत्याचार और गैरकानूनी करार दिया। आंदोलन में प्रमुख रूप से विदेशी सिंह, अजीत कश्यप, पिंटू सिंह, गंगा सपना शर्मा, सोनू संतोष साहनी, शशि शेखर पांडे, लाल ठाकुर, छोटे ठाकुर, संजय राय, और दिलीप मिश्रा सहित कई अन्य स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि पीपी एक्ट का उपयोग स्थानीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए किया जा रहा है, और उनका विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक यह नोटिस वापस नहीं लिया जाता। प्रदर्शनकारियों ने इसे सरकार की तरफ से स्थानीय लोगों पर दबाव बनाने की कोशिश बताया और क्षेत्रीय विकास कार्यों को प्रभावित करने की चिंता जताई। विधायक चंद्रदेव महतो* भी इस विरोध में शामिल होने के लिए थोड़ी देर में उपस्थित होने वाले हैं, और उनके इस समर्थन से विरोध को और मजबूती मिल सकती है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा करें।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासन की तैयारी पूरी, आपसी भाईचारे के साथ मनायें शब ए बारात: डीसी




**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** शब ए बारात 2025 को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने के लेकर उपायुक्त श्री मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एसडीओ, बीडीओ, सीओ एवं एसडीपीओ, थाना प्रभारी के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि पर्व- त्योहारों में पाकुड़वासियों का भरपूर सहयोग मिला है। उपायुक्त ने सभी चौक चौराहों में दण्डाधिकारी को निगरानी करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर नजर रखने और अफवाहों पर निगरानी के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया।

# आम्रपाली परियोजना में करोड़ों की लागत से बनी अस्पताल में पड़ा दरार

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**चतरा :** जिले के टंडवा क्षेत्र में स्थापित सीसीएल द्वारा टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित वसूली नाम से चर्चित आम्रपाली कोल परियोजना में महज चंद महीने पहले बने करोड़ों रुपए की लागत से बनी बिल्डिंग में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई है ।यह दरारें चीख- चीख कर बयां कर कह रही है कि बिल्डिंग की निर्माण में भारी लूट की गई है। इससे साफ जाहिर है कि मैनेजिंग के दम पर यहां किस कदर कार्य में धांधली मची हुई इसका अंदाजा बिल्डिंग के दरारें से लगाया जा सकता है।आम्रपाली परियोजना में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआई द्वारा दो अधिकारी सहित दो सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है ।इसके बावजूद भी धांधली थमने का नाम नहीं ले रहा है ।प्रबंधन के सह पर नाक के नीचे धांधली व रिश्वतखोरी के मामले में भी समाज सेवियों व रैयतों ने कई विभाग में शिकायत कर चुके हैं ।परियोजना में दो बार सीबीआई कार्रवाई के बाद भी सीसीएल के दरभंगा हाउस के चुप्पी और मैनेजमेंट को संरक्षण देने का इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। वहीं कई तरह का सवाल उठने लगा है ।नव निर्माण अस्पताल का निर्माण धनबाद के रंग बहादुर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा करने की बात प्रकाश में आ रहा है। जहां प्रबंधन का संरक्षण पाकर मनमजी से काम किया तथा उक्त अस्पताल निमार्ण कार्य को ठेके को जैसे- तैसे करवाकर अब तो ठिकेदार अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर जा चुका है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ऐसी अनियमितताओं पर सीसीएल प्रबंधन चुप्पी साधकर देखता नजर आ रहा है। क्या संवेदक रंग बहादुर कंस्ट्रक्शन कंपनी के रंग में रंगकर इस तरह से रुपये के लूट खसोट के दौरान बहती गंगा में संबंधित सीसीएल के अधिकारियों ने भी भरपूर डूबकी लगाये हैं। अब तो सरे आम चर्चा पर चर्चा गर्म है ।अस्पताल में इलाज कराने वाले विस्थापित -प्रभावित क्षेत्र के मरीज आखिर कितने सुरक्षित होंगे। नव निर्माण अस्पताल के बगल में हैवी ब्लास्टिंग होना व चंद दूरी में कोयले की खदान,आखिर कैसे मिला अनुमति ये भी बड़ी सवाल है। चमक परखने में पारंगत साहब के करतुतों का पोल केंद्रीय एजेंसियों से उच्चस्तरीय जांचोपरांत खोलने की मांग की जा रही है। बताया जाता है की आम्रपाली में सिविल विभाग के टेंडर में 50 से 40 प्रतिशत लेस में हुई टेंडर में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार मामले में जांच एजेंसी यदि छापामारी करती है तो कई पदाधिकारी व कर्मी शिकंजे में आने का दावा किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं चतरा सिविल सर्जन**

चतरा सिविल सर्जन दिनेश कुमार से पूछे जाने पर बताया की अस्पताल संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से परमिशन लेना जरूरी है,परमिशन नहीं लेने पर कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल पर कहा किलिनीकल स्टेब्लिस्ट मेन्ट परमिशन के लिए अप्लाई नहीं की गई है। जिस स्थान पर अस्पताल संचालित होती है वहां धूलकण ,प्रदूषण से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने पर अस्पताल को हटाया जा सकता है।

## ग्राहक सेवा केंद्र का उद्धघाटन

**चतरा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद चौक में बैंक आफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्धाटन को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। जहां बैंक आफ इंडिया टंडवा शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रनांत कुमार व स्थानीय मुखिया किशुन राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्धाटन किया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीणो के बीच बैंकिंग सुविधा को आसान करने और लोगों को कम समय में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक आफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर बाबुल साव, पिंटू कुमार, महेश साव, भूलन साव सहित अन्य उपस्थित थे।

## चार नामजद एंव पांच अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज

**कांहाचट्टी/चतरा :** राजपुर थाना पुलिस ने अफीम की खेती करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ राजपुर थाना में मामला दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उसमें मंगर सिंह पिता पोखन सिंह जगधारी सिंह पिता धनेश्वर सिंह दोनों शाकिन पथेल दोदी सिंह पिता मुखलाल सिंह साकिन बरैनी टांड़ रामजीत यादव पिता बिहारी यादव साकिन गड़ीया सभी थाना राजपुर एवं अन्य पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ राजपुर थाना में मामला दर्ज किया किया है वह सभी अफीम खेती करने में संलिप्त थे। यह खेती पथेल पचफेड़ी बघमरी क्षेत्र में इन लोगों के द्वारा किया गया था।

## युवक का शव बरामद, जांच मे जुटी पुलिस

**चतरा :** सदर थाना परिसर के पीछे एंव शहर की रईस इलाकों मे सुमार पुरैनियां तालाब के समीप स्थित मंदिर के पास से पुलिस ने एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया है ।शव का पहचान दिभा मोहल्ला बढ़ई टोला निवासी छोटू राणा के रूप में हुई है ।परिजनों ने बताया की छोटू राणा कुछ दिन पूर्व ही उड़ीसा से वापस चतरा लौटा था। मौके पर सदर थाना पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।मृतक के चेहरे और शरीर के अन्य अंगों में हैं गंभीर चोट के निशान पाया गया है ।पुलिस परिजनों से पूछताछ व अन्य संभावित पहलुओं की पड़ताल कर रही है। शहर में थाना के समीप से शव बरामदगी से लोगो मे दहशत बढ़ गया है।

# हर्ल द्वारा सिंदरी में जल्द होगा कई योजनाओं का शुभारंभ : सुरेश प्रमाणिक

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में विकास कार्य में गति देने के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित है ।जल्द ही सिंदरी वासी इन योजनाओं द्वारा लाभान्वित होंगे।

**शहर के इलाके स्ट्रीट लाइट से जगमग होंगे**

हर्ल द्वारा सी एस आर फंड के तहत जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से शहर में बिजली के पोल,स्ट्रीट लाइट , हाई मास्क लाइट तथा नए केबल कनेक्शन किए जाएंगे। इस योजना से स्थानीय सिंदरी वासियों को रात के आवागमन में परेशानी नहीं होगी।

**सरकारी स्कूलों के संसाधनों की कमी को पूरा किया जाएगा**

जिले के 10 प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए बालक एवं बालिका शौचालय के साथ जर्जर कक्षाओं की मरम्मती की जाएगी।

**उच्च गुणवत्ता वाले जल का वितरण**

शुद्ध पेयजल कि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर्ल द्वारा बंद पड़े वॉटर क्लेरिफायर की मरम्मत की जा रही है। जिसके अगले 4 महीने में कार्य में लाने की संभावना है ।इससे शहर वासियों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रदूषण रहित जल की उपलब्धता होगी। इस कार्य के पूर्ण होते ही अभी उपयोग में लाया जा रहा वॉटर क्युरीफायर की मरम्मत की जाएगी।

**वृद्धाश्रम की जरूरतों किया गया पूरा**

जिले के वृद्धाश्रम में हर्ल द्वारा फर्नीचर,वाशिंग मशीन,फ्रीज, टीवी ,कप बोर्ड, कुर्सी उपलब्ध कराई गई है।

**टीवी के उन्मूलन के लिए व्यवस्था**

हर्ल द्वारा परिसर में 100 दिन के टीवी उन्मूलन शिविर के आयोजन किया गया है। जिसमें अनुभवी चिकित्सकों द्वारा कार्यरत मजदूरों की जांच की जा रही है ,उन्हें टीवी संक्रमण से बचाव के जरूरी सुझाव व पाए गए मरीजों के उपचार के लिए दवाई की व्यवस्था की जाएगी।

**चिकित्सा कैंप का आयोजन**

श्री प्रमाणिक ने बताया कि हर्ल द्वारा सिंदरी वासियों के लिए समय-समय पर निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अगले महीने मार्च में एक चिकित्सा कैंप प्रस्तावित है। जिसका लाभ सिंदरी वासी ले सकते हैं।

**कौशल विकास से रोजगार उपलब्ध कराना**

रासायन और उर्वरक मंत्रालय सरकार के तहत उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए सिपेट के तहत 6 महीना की ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें पहले बैच के 40 बच्चों को प्लास्टिक मोल्डिंग मे हर्ल के सहयोग से ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें रहने ,खाने और संस्थान की फीस हर्ल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। श्री प्रमाणिक के माध्यम से कहा गया है कि अगले 40 बच्चों के ट्रेनिंग के लिए विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशिक्षित बच्चों की हंड्रेड परसेंट प्लेसमेंट हो जाती है।

# पीड़ित परिवार को हर संभव मदद किया जाएगा: मनोज चंद्रा



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा :** टंडवा प्रखंड के लेम्बुवा गांव निवासी स्व० बिष्णु साव के दुखद निधन के बाद गुरुवार को झारखण्ड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता एंव सिमरिया विधानसभा के जे एम एम प्रत्याशी मनीज चंद्रा अपने कार्यकर्ताओ के साथ मृतक के ग्राम लेम्बुवा आवास पर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक-संवेदनाएं व्यक्त किए एवं श्रद्धांजलि अर्पित किए ।मौके पर मनोज चंद्रा ने परिजनों को ढाढस बंधाया और हिम्मत से काम लेने की बात कहे एंव हर संभव मदद का भरोषा दिलाया।

## सड़क दुर्घटना में राजेश पाण्डेय की मौत

**चतरा :** शहर के चतरा बगरा रोड के समीप चंदर गैरेज के पास हुई सड़क दुर्घटना में देवरिया गांव निवासी 42 वर्षीय राजेश पांडेय की मौत हो गयी ।पुलिस ने उसके शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं ट्रक और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाईकिल को पुलिस कब्जे में कर सदर थाना ले आई है ।बताया जाता है कि मृतक चंदर गैरेज के समीप एक गोदाम में काम करता था ।वह 12 फरवरी की देर रात मोटरसाईकिल से घर से गोदाम जा रहा था,इसी दौरान वहां एक खड़ी ट्रक में सीधी टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। राजेश पाण्डेय की मौत को लेकर भाजपा मीडिया प्रभारी कालीचरण यादव ने दुःख व्यक्त किया एंव परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया और हिम्मत से काम लेने की सलाह दिये।



# चाइना मेड प्यार

पश्चिमी देशों का पर्व वेलेंडाइन डे जो 14 फरवरी को आता है और इसी के आसपास ही वसंत पंचमी का त्योहार भी आता है। भारत में वसंत पंचमी को प्रेम दिवस भी माना जाता है। भारत में पहले प्यार आलमआरा, संगम, हीर रांझा, सोहनी महिवाल, सिरी फरहाद हुआ करता था और अब तो नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम या ओटीटी हो गया है। एक जमाना था जब प्यार होना बहुत मुश्किल होता था। टेलीफोन की सुविधा हर किसी के पास नहीं थी। पिछले साल भाई की शादी में देखा था उसे अब इस बार दादाजी के नुक्ते में दिखाई दी, सोचा इस बार तो पत्र थमा ही दूंगा।प़रंतु ऐसा कम ही हो पाता था। कम से कम 2 साल में इजहार हो पाता था। कई बार एक साल बाद पता चलता था कि उसकी शादी कहीं और हो गई। हालांकि उस दौर में प्यार सचमुच ही प्यार होता था।

अब तो वाट्सएप और फेसबुक का दौर है। पहले ऐसा था कि एक पत्र या प्रेम संदेश को पहुंचाने में बहुत पापड़ बेलना पड़ते थे। कम से कम दो माह लग जाते थे। लेकिन जब से एसएमएस का दौर प्रारंभ हुआ तो प्यार ने थोड़ी स्पीड पकड़ी। फिर उसी के साथ याहू जैसी कंपनियों ने फ्री-चेट सुविधा प्रारंभ की तो और स्पीड बढ़ गई। अब तो वॉट्सऐप और फेसबुक ने तो सबकुछ बदल कर रख दिया। अब तो लिखते लिखते किसी से कब लव हो जाए और कब ब्रेकअप हो जाए कोई भरोसा नहीं क्योंकि स्पीड हाईटेक है।

टेक्नॉलाजी ने लड़के और लड़कियों को तुरंत मिलाने में अहम्‍भूमिका निभाई है लेकिन इससे अब भावनाएं पीछे छुटती गई है। परिवार से जुड़ाव पीछे छुट गया है। लोग अब तो ऑनलाइन मंगनी, शादी और तलाक भी करने लगे हैं। आप सोचिए कि जमाना कहां जा रहा है। पहले कहते थे कि चट मंगनी और पट ब्याव। पर, अब कहते हैं- चट ब्याव और पट तलाक और झट पुन : ब्याव। आप सोचिए शादी से बड़ा आयोजन तो प्री-वेडिंग हो चला है अब तो लोग तलाक की भी पार्टी देने लगे हैं। ज्यादातर प्रेमियों का प्यार शादी के बाद रफूचक्कर हो जाता है- यदि ऐसा था तो यह समझे की वह प्यार नहीं बुखार था। जिस तरह नए गाने आते हैं कुछ समय तक उनका खुमार छाया रहता है फिर दूसरे नए गाने आ जाते हैं तो पुराने का खुमार उतर जाता है। अब तो महामारी के दौर में ऐसा होने लगा है कि एक बुखार उतरा नहीं कि 2 या 3 माह में दूसरा बुखार चढ़ जाता है।

यह कौन जान पाया कि प्यार किसे कहते हैं जिसने किया वह जान पाया? यह भी कौन तय करेगा कि प्यार जिसने किया वही अच्छे से व्यक्त कर पाएगा कि प्यार क्या होता है? हो सकता है कि उसने प्यार नहीं किया हो। जिस भी लड़की या लड़के से उसके संबंध हैं उसके प्रति उसके मन में प्यार हो यह जरूरी नहीं। तब कैसे जाने बाबू कि प्यार किसे कहते हैं? फ्रेग मार्क ने कहीं कहा था कि ''सच्चा प्रेम भूत की तरह है, चर्चा उसकी सब करते हैं, देखा किसी ने नहीं।'' हां, कुछ लोग यह भी कहते हैं कि प्यार किया नहीं जाता हो जाता है। पुराने जमाने के प्यार और आज के जमाने के प्यार में बहुत कुछ बदलाव हो गया है, बदलाव होना चाहिए लेकिन यदि बदलाव का रुख पतन की ओर हो तो जरा डर ही लगता है.। आज का प्यार चाइना मेड की तरह हो चला है.यूज एंड थ्रो.।



प्यार जीवन को पूरा करने का अहसास। या कहा जाए जिंदगी का दूसरा नाम ही तो प्यार है। और वेलेंटाइन डे इस प्यार के इजहार और अपने प्यार को खास अहसास दिलाने का दिन है। लेकिन, आखिर अपना सच्चा प्यार पाया कैसे जाए। कैसे पहचाना जाए कि यही है आपका वेलेंटाइन

# कैसे तलाशें अपना सच्चा प्यार

प्यार को कहीं तलाशा नहीं जाता, वह तो आपके भीतर ही कहीं होता है। ठीक वैसे ही जैसे कस्तूरी मृग की खुशबू उसी में कहीं छुपी होती है, लेकिन वह उसकी तलाश में बावरा सा फिरता रहता है। वैसे ही प्रेम को सांसों की तरह हैं, हर क्षण आपके साथ। लेकिन कई बार इससे वाकिफ होने में अरसा लग जाता है। हमारी नजरों के सामने ही होता है वो, लेकिन हम उसे स्वीकार नहीं पाते। शंकायें, दुविधायें, सवाल और कई अन्य कारण उस वास्तविकता को कहीं ढंक देते हैं। और कई बार किसी से पहली ही मुलाकात में दिल के भीतर से यह आवाज आने लगती है कि हां यह वही है, जिसके लिए तुम इतने बेकरार थे। और जब भी यह अनुभूति होती है, तो यूं लगता है जैसे सारे बादल छंट गए। प्यार तो इनसान के डीएनए में है। आदम और हौव्वा से शुरू हुआ यह प्रेम और फिर फैलता ही चला गया। आदम ने जन्नत सिर्फ हौव्वा के लिए छोड़ी, वो उसके बिना अधूरा जो था। लेकिन, उस दौर में न आदम के पास विकल्प थे और न ही हौव्वा के पास। लेकिन, आज का दौर जरा अलग है। आज सच्चा प्यार मिलना मुश्किल है, क्योंकि आज अरबों की आबादी में आपको किसी ऐसे शख्स से मिलना जरूरी है जिससे लिए दिल धड़क उठे।

## कौन है वो

सबसे जरूरी बात, सच्चा प्यार किसी एक दिन का मोहताज नहीं होता। यह तो जिदंगी भर का अहसास होता है। प्यार का कोई फॉरम्यूला नहीं, जो लगाया और उत्तर मिल गया। हर किसी को अलग तरह से होता है इसका अहसास और जब यह अहसास होता है, तो दुनिया में सब कुछ खूबसूरत नजर आने लगता है। हर ओर होती हैं बस खुशियां ही खुशियां। यह मामला दिल का है, और यह कमबख्त दिल भला कब किसकी सुनता है। किस्मत खुद-ब-खुद उस शख्स से मिलवा देती है, और यह कह उठता है तुम ही तो हो, इतने बरसों से तलाश रहा था मैं जिसे।

लेकिन, दुविधायें फिर भी आपकी राह में रोड़े अटका सकती हैं। चलिए हम आपका रास्ता साफ करने में मदद करते हैं। हो सकता है कि आपका प्यार आपकी आंखों के सामने हो और आप उसे देख न पा रहे हों। यह भी हो सकता है कि वो दुनिया के दूसरे कोने में बैठा हो आप की तरह तन्हा और आप ही का इंतजार करते हुए। चाहे जो भी हो, कोई न कोई इस दुनिया में आपके लिए जरूर बना है।

## पहली नजर का प्यार हर नजर का प्यार

प्रेम का सार यही है- 'पहली नजर का प्यार, आखिरी नजर का प्यार और हर नजर का प्यार'। जब आपका पहली नजर में ही किसी को देखते ही उसकी ओर खिंचने लगे, तो इसे एक इशारा समझें। इशारा कि आपको प्यार हो चला है। पहली नजर का प्यार ही प्यार हो यह जरूरी नहीं, लेकिन यह प्यार का आधार जरूर हो सकता है। लेकिन, आप किसी को पहली बार देखते ही उसके खयालों में खोये रहते हैं, तो जनाब आपका दिल किसी की नजरों में गिरफ्तार हो चला है, हुजूर आपको प्यार हो चला है।

## सीमाओं से परे

इश्क की कोई हद नहीं होती। यह खुद तय करता है अपने नियम और कायदे। जिसके लिए आपके दिल में प्रेम होता है उसकी मदद करने के लिए आप कुछ भी करते हैं। आपको ऐसा करते हुए न कभी अजीब लगता है और न ही आपको कुछ अलग करने का अहसास ही होता है। अगर दूसरा व्यक्ति भी आपकी मदद के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है, तो जनाब यही प्यार है। प्यार में शर्तें नहीं होतीं, प्यार में सौदा नहीं होता। यह तो होता है और होता है.प्यार मैं और तुम के बीच की दूरियां पाटते हुए हम तक ले जाने का नाम है।

## सब कुछ भुला के

कहते हैं, 'इश्क न पूछे दीन धर्म और इश्क न पूछे जात'। प्रेम नियमों पर कहां चलता है। सामाजिक वृजनायें तोड़ने का नाम ही तो प्यार है। आपके दोस्तों की सलाह, पढ़ी-पढ़ाई बातें, आपके कुछ पूर्वाग्रह. सब नेपृथ्य में चले जाते हैं और रह जाता है तो बस प्रेम। आपके हृदय में तमाम बातों को झुठलाया जाता है, और आपको अहसास होता है कि यही है वो सच्चा प्यार। प्यार विकल्प नहीं तलाशता। आपको कोई इनसान पसंद है, तो बस पसंद है.अपनी खूबियों और खामियों के साथ। आप वैसे ही चाहते हैं उसे.इस बात से बेपरवाह कि वो भी आपके बारे में वैसा ही सोचे। प्यार कोई निवेश नहीं जिसमें आपको रिटर्न की उम्मीद हो। प्यार है, तो बस है। और अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं, तो मान लीजिए कि यह हर लिहाज से सच्चा प्यार है।

## प्यार का दर्द है

उसकी हंसी हो या नजर.उसकी बातें हो या व्यवहार सब कुछ आपके लिए खास होता है। अगर उसे देखते ही दिल में मीठा दर्द हो उठे, तो समझ जाइए कि दिल आपसे कुछ कह रहा है। उसके देखते ही आपका दिल प्रेम से भर आता है। सारी दुनिया में सबसे प्यारा दिखता है वो। ठीक वैसे ही जैसे मां-बाप के लिए उनकी औलाद होती है। अगर किसी को देखकर आपके दिल में भी ऐसा हो, तो मान जाइए कि आप प्यार में हैं। इंतजार मत कीजिए डूब जाइए इस दरिया में।

## खिंचा जाऊं मैं तेरी ओर

प्रेम महज आकर्षण नहीं यह और बात है, लेकिन आकर्षण के बिना प्रेम संभव भी नहीं। प्रेम का आधार है आकर्षण.अगर हर सूरत में आप दोनों एक दूजे के साथ रहना चाहते हैं और किसी भी कीमत पर आपको जुदाई बर्दाश्त नहीं, तो यह इशारा है सच्चे प्यार का। आपके दिल को जो भा जाए, जरूरी नहीं कि वो देखने में हूर की तरह हो, कहते हैं लैला का रंग बेहद काला था, लेकिन कैस को वो ऐसी भायी कि वो गलियों में मजनूं बनकर घूमने लगा। अगर, आपके दिल में भी यह आकर्षण महीनों बना रहता है, तो जनाब आपको सच्चे वाला प्यार हो गया है।

# ये गिफ्ट करें इस वैलंटाइंस डे पर दिन बनेगा स्पेशल

**इस वैलंटाइंस डे पर अगर आप यह सोचकर कन्फ्यूज हैं कि अपने वैलंटाइन को क्या गिफ्ट देंगे तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आपके साथ कुछ वैलंटाइंस गिफ्ट आइडिया शेयर कर रहे हैं। उम्मीद है कि इन्हें पाकर आपका वह स्पेशल फ्रेंड खुद को और भी स्पेशल समझने लगेगा।**

## गर्लफ्रेंड के लिए यह खरीदें

**स्टाइलिश पर्स और बैग** - लड़कियों के पास चाहें कितने ही हैंडबैग या पर्स क्यों न हों लेकिन उसके बाद भी उन्हें एक अदद पर्स की कमी हमेशा खलती रहती है। इसलिए इस वैलंटाइंस डे पर उनके लिए एक खूबसूरत, कलरफुल और फैशनेबल पर्स सरप्राइज गिफ्ट कीजिए। यकीन कीजिए आपका दिन बन जाएगा।

**नई ड्रेस** - आजकल हर शहर में डिजाइन कपड़े मिलने लगे हैं। आप भी चाहें तो उनके लिए टी-शर्ट, कुर्ती, सूट, जींस कुछ भी खरीद कर गिफ्ट कर सकते हैं। इस गिफ्ट से उनका मूड खिल जाएगा।

**जूलरी** - इसमें कोई शक नहीं है कि लड़कियों को गिफ्ट के तौर पर जूलरी कभी भी किसी भी समय पर दी जाए, उन्हें हमेशा भाती है। हम वैलंटाइंस डे पर आपको कोई भारी-भरकम हार खरीदने को नहीं कह रहे एक नाजुक सी, प्यारी सी चेन या खूबसूरत सी अंगूठी भी काफी है।

**स्किनकेयर प्रॉडक्ट** - अगर आपको उनकी नरम, मुलायम त्वचा बहुत भाती है और आप चाहते हैं कि वह ऐसी ही बनी रहे तो इस वैलंटाइंस डे पर उन्हें कोई अच्छा सा स्किनकेयर प्रॉडक्ट गिफ्ट कर सकते हैं। बहुत आसानी से आपको सही कीमत में ऐसी चीजें मिल जाएंगी। पर सावधानी यह बरतनी है कि ये प्रॉडक्ट किसी अच्छी कंपनी के हों वरना नुकसान कर सकते है।

## बॉयफ्रेंड को यह सब भाएगा

**वॉच** - लड़कों को घड़ियां काफी पसंद होती हैं। आप इस वैलंटाइंस डे पर उनके लिए अच्छी सी घड़ी खरीदकर गिफ्ट कर सकती हैं।

**टाई** - उनके फेवरिट सूट या शर्ट से मैच करती हुई टाई गिफ्ट कीजिए उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**चश्मा** - लड़के अपने ऊपर बहुत खर्चा नहीं करते। इस वैलंटाइंस डे पर मौका है उनके लिए वही ब्रैंडेड चश्मा खरीद दीजिए जिसे देखकर अकसर वह आहें भरते रहते हैं।

# वैलेंटाइन डे के दिन अपनाएं ये खास ब्यूटी टिप्स

हर लड़की चाहती है कि वैलेंटाइन डे के दिन वह सबसे सुंदर नजर आए ताकि पार्टनर की नजरे बस उसी पर टिकी रहे। इसके लिए बेस्ट आउटफिट से लेकर ज्वेलरी तक तो आपने सिलेक्ट कर ली, लेकिन स्किन और बालों का क्या। यदि चेहरे और बालों में चमक न हो तो आउटफिट और ज्वेलरी की चमक भी फीकी पड़ जाएगी। वैलेंटाइन के दिन परियों सी सुंदर नजर आने के लिए अपनाए ये खास उपाय।

- करीब एक हफ्ते पहले से ही त्वचा की देखभाल पर खास ध्यान दें। स्किन की डीप क्लिंजिग जरूरी है। नियमित रूप से क्लिंजिंग के साथ ही डेड स्किन हटाने के लिए स्क्रब भी करें।
- आप चाहें तो किचन में मौजूद चीजों से ही नेचुरल स्क्रब तैयार कर सकती हैं। जैसे- हल्दी में नींबू का रस मिलाकर चेहरे का मसाज करें स्किन ग्लो करने लगेगी। संतरे के छिलके के पाउडर में दही मिलाकर चेहरे का मसाज करने से भी डेड स्किन हट जाती है और त्वचा में निखार आता है।
- स्क्रब करने के बाद अच्छा सा फेसमास्क लगाना जरूरी है। कोई महंगा फेसपैक खरीदने से अच्छा है कि आप घर में मौजूद चीजों से ही कुदरती फेसपैक तैयार कर लें। जैसे- केले को मैश करके उसमें थोड़ा सा दूध मिलाएं और चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर पानी से चेहरा धो लें।
- यदि चेहरे पर दाग-धब्बे हो तो टमाटर और खीरे का पेस्ट लगाएं। 15 मिनट बाद चेहेर धो लें।
- चावल के आटे में दही मिलाकर लगाने से भी चेहरे पर निखार आता है। इस पेस्ट को लगाकर 15 मिनट बाद धो लें।
- इसके अलावा चेहरे का ग्लो बनाए रखने के लिए रात में सोने से पहले टोनर का इस्तेमाल करें। गुलाब जल भी लगा सकती हैं। वैसे नींबू का रस भी टोनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- याद रखिए हर बार फेसवॉश के बाद स्किन को मॉइश्चराइज करना भी जरूरी है।
- स्किन के साथ ही बालों की शाइन बनी रहें इसके लिए उसकी सही देखभाल जरूरी है। बालों में एलोवीरा लगाना से बाल स्मूद और शाइनी बनते है वैसे एलोवीरा चेहरे पर लगाना भी अच्छा होता है।
- चाहें तो वैलेंटाइन से 2-3 दिन पहले हेयर स्पा करा लें, इससे बालों की खोई हुई चमक वापस आ जाएगी।
- धूप और प्रदूषण से हुए नुकसान की भरपाई के लिए बालों में नियमित रूप से तेल लगाने के साथ ही कंडिशनर और सीरम का भी इस्तेमाल करें।



# वैलेंटाइन डे पर रहेंगी सिंगल तो होंगे ये फायदे

वैलेंटाइंस डे के मौके पर जहां कई लोगों की प्यार की खोज पूरी हो जाती है तो वहीं कुछ सिंगल भी रह जाते हैं। हालांकि अगर इस वैलेंटाइंस डे भी अगर आप सिंगल रह जाती हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं है। वह इसलिए क्योंकि सिंगल रहने से आपको कई फायदे होने वाले हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में :

सबसे पहला फायदा तो यही है कि आपको एक पर्फेक्ट डेट प्लान करने के लिए मशक्कत नहीं करनी होगी और न ही टेंशन लेनी होगी। आप अपनी मर्जी से अपने लिए एक रोमांटिक डेट प्लान कर सकती हैं और खुद को जो गिफ्ट करना चाहती हैं खरीद सकती हैं। इससे भी अच्छी बात यह है कि आप जैसे चाहे तैयार होकर घूमने जा सकती हैं और यह टेंशन लेने की जरूरत ही नहीं कि आपके पार्टनर को वह पसंद आएगा या नहीं।

## उम्मीद नहीं तो कोई टेंशन भी नहीं

जब हम किसी रिश्ते में होते हैं तो हम पार्टनर से किसी न किसी चीज को लेकर एक्सपेक्शनंस रखने लगते हैं। मसलन, वह मुझे कहां घुमाने ले जाएगा? क्या गिफ्ट देगा? आदि, लेकिन आप सिंगल हैं तो इन सब चीजों का झंझट ही नहीं होगा। न पार्टनर होगा, न उम्मीदें और न ही किसी तरह की परेशानी।

## खुद पर करो जमकर पैसा खर्च

सिंगल रहने की सबसे खास बात यह है कि आपको किसी और पर अपना पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा और उसपर सिर्फ आपका ही हक होगा। यानी आप जैसे चाहे और जब चाहे कितने भी पैसे अपने ऊपर खर्च कर सकती हैं।

## सिंगल रहोगी तो कुछ भी करोगी

सिंगल रहने का एक फायदा यह भी होगा कि आप जैसे चाहे वैसे वैलेंटाइंस डे मना सकती हैं। आप सैलून जा सकती हैं। मूवी जा सकती हैं। बुक पढ़ सकती हैं। पूरे दिन आराम कर सकती हैं या फिर दोस्तों संग मस्ती कर सकती हैं।



# कम बजट में ऐसे सेलिब्रेट करें वेलेंटाइन डे

वेलेंटाइन डे हर व्यक्ति के लिए अपना प्यार जताने का सबसे बेहतर दिन होता है। इस दिन अगर कोई व्यक्ति किसी से अपने प्यार का इजहार तो अक्सर जवाब में हां सुनने की उम्मीद होती है। इसके अलावा जो लोग कमिटिड होते हैं उनमें भी इस दिन को खास तरह से मनाने का क्रेज होता है। लेकिन अगर आप अपने बजट यानि कि पैसों की तंगी को लेकर परेशान हैं और कोई प्लॉन नहीं कर पा रहे हैं तो परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं जिनसे आप कम बजट में वेलेंटाइन डे का पूरा मजा ले सकते हैं।

## ऑफिस से छुट्टी ले लें

अगर आप शादीशुदा हैं तो अपने पार्टनर को छुट्टी का सप्राइज दें। यकीन मानिए आपकी छुट्टी की बात सुनकर आपका पार्टनर झूम जाएगा जैसे आपने उसे डायमंड गिफ्ट किया हो। घर में म्यूजिक बजाएं और अपने घर को एक अलग प्रकार की थीम के साथ सजाइए। अगर आप रिलेशनशिप में हैं तो किसी रेस्त्रां की टेबल को भी आप सजा सकते हैं।

## कुछ स्पेशल बनाएं

क्यों न कुछ नया सीखा जाए। चाहे वो डांस हो या फिर कुकिंग या फिर कुछ भी नया। कुछ ऐसा जो आपने पहले कभी न ट्राई किया हो। आपको इसमें काफी आनंद आएगा साथ ही आपको कुछ नया सीखने को भी मिलेगा।

## अपने प्यार का इजहार करें

आपने आखिरी बार कब उसका हाथ थामकर 'आई लव यू' कहा था। आप चाहें तो एक प्यारा सा तोहफा लेकर उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, आंखों में आंखें डालकर अपने दिल की बात कह दीजिए। कह दीजिए कि आपकी जिंदगी में उनकी क्या कीमत है। कह दीजिए कि आप अधूरे हैं उनके बिना। और आप शुक्रगुजार हैं कि वो आपकी जिंदगी का हिस्सा बनीं।

## कैंडल नाइट डिनर है सबसे खास

वेलेंटाइन डे की बात आते ही अधिकतर लोग कैंडल लाइट डिनर के ख्यालों में खो जाते हैं। लेकिन, आप चाहें तो लंच भी प्लान कर सकते हैं। एक टोकरी में अपना पसंदीदा फूड डालिये साथ एक कैमरा लीजिए और निकल पड़िये पिकनिक पर।



# राहुल गांधी का कन्फ्यूजन कांग्रेस को डुबा देगा ?



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

राहुल गांधी का मुकाबला नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली भारतीय जनता पार्टी से हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने की मशीन बनती जा रही है और ऐसे माहौल में कंफ्यूज होकर राजनीति करने से हार के अलावा और कुछ नहीं मिलने जा रहा है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के साथ ही मजबूत विपक्षी दल भी बहुत जरूरी माना जाता है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का यह मूल सिद्धांत माना जाता है कि जितनी मजबूत सरकार हो, उतना ही मजबूत विपक्ष भी होना चाहिए।लोकतंत्र में जनता की इच्छा सर्वोपरि होती है।जनता किसी राजनीतिक दल को बहुमत देकर सरकार चलाने का मौका देती है तो किसी राजनीतिक दल को विपक्ष में बैठाकर सरकार पर निगरानी बनाए रखने की जिम्मेदारी देती है। इसलिए यह तो स्वाभाविक है कि सरकार चलाने वाले राजनीतिक दल या गठबंधन के पास सदन में ज्यादा संख्या होती है। लेकिन जनता विपक्ष से यह उम्मीद भी करती है कि सदन में कम संख्या होने के बावजूद विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन सरकार के गलत कामों की पोल लगातार खोलते रहे।

स्वाभाविक तौर पर, राजनीति के मैदान में उतरने का अंतिम लक्ष्य बहुमत हासिल कर सत्ता प्राप्त करना ही होता है। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि इस देश के सबसे बड़े विपक्षी राजनीति दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी महत्वपूर्ण अवसरों पर अक्सर कन्फ्यूज होते नजर आते हैं। उनके कन्फ्यूजन का नुकसान हर बार कांग्रेस को चुनावी हार के रूप में उठाना पड़ता है। लेकिन लगातार हार मिलने के बावजूद भी राहुल गांधी के रवैये में फिलहाल तो कोई सुधार होता, नजर नहीं आ रहा है।

हाल ही में, दिल्ली में हुआ विधानसभा चुनाव राहुल गांधी के इस कन्फ्यूजन का सबसे ताजा उदाहरण है। राहुल गांधी अंतिम समय तक यह फैसला नहीं कर पा रहे थे कि अरविंद केजरीवाल साथी है या विरोधी ? कांग्रेस को बचाने के लिए दिल्ली में चुनाव लड़े या फिर इंडिया गठबंधन को बचाने के लिए केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ मजबूती से चुनाव नहीं लड़े ? उन्होंने कभी अजय माकन को केजरीवाल के ऊपर सीधा हमला करने की अनुमति दे दी तो कभी उनकी प्रेस कांफ्रेंस को ही रद्द करवा दिया। जबकि शुरूआती दौर में राहुल गांधी ने स्वयं दिल्ली के सीलमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, दोनों पर एक ही सुर में तीखा निशाना साधा था।



सीलमपुर की रैली में अरविंद केजरीवाल पर तीखा राजनीतिक हमला बोलने के बाद अचानक से राहुल गांधी कुछ दिनों के लिए शांत हो गए। ऐसी खबरें निकलकर सामने आने लगी कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहने पर ना केवल उन्होंने अजय माकन की प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करवा दिया बल्कि स्वयं भी दिल्ली के चुनाव प्रचार अभियान से बाहर होकर बैठ गए। लेकिन इंडिया गठबंधन के साथियों द्वारा एक-एक करके दिल्ली के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को समर्थन दिए जाने की सार्वजनिक घोषणा करने के बाद राहुल गांधी ने अपने आप को आहत महसूस किया और उसके बाद एक बार फिर से उन्होंने दिल्ली कांग्रेस के नेताओं को चुनावी अभियान में जोर-शोर से जुड़ने का निर्देश दे दिया।

इतना ही नहीं राहुल गांधी स्वयं, अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली विधानसभा में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंच गए। जहां से उन्होंने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया था। जाहिर तौर पर कांग्रेस का लक्ष्य सिर्फ एक था कि कांग्रेस का उम्मीदवार भले ही चुनाव में जीत हासिल न कर पाए लेकिन अरविंद केजरीवाल सहित आप के तमाम दिग्गज नेता अपनी विधानसभा सीट हार जाएं। हुआ भी कुछ वैसा ही, दिल्ली में भले ही कांग्रेस को पिछले दो विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी जीरो सीट ही मिली लेकिन उसके उम्मीदवारों के कारण अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत आप के कई दिग्गज नेताओं को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेताओं को चुनाव हरवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर राहुल गांधी ने अपनी ताकत को साबित कर दिया लेकिन यहां एक बार फिर से वही सवाल खड़ा हो रहा है कि अगर राहुल गांधी आखिरी समय तक कंफ्यूज नहीं रहते और उन्होंने कुछ महीने पहले ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस को अपने इरादे बता दिए होते तो शायद पार्टी ज्यादा बेहतर तरीके से चुनाव लड़ पाती और 2015 एवं 2020 के विधानसभा चुनाव में जीरो सीट हासिल करने वाली कांग्रेस पार्टी को इस बार भी जीरो के आंकड़े पर ही संतोष नहीं करना पड़ता। राहुल गांधी का मुकाबला नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली भारतीय जनता पार्टी से हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने की मशीन बनती जा रही है और ऐसे माहौल में कंफ्यूज होकर राजनीति करने से हार के अलावा और कुछ नहीं मिलने जा रहा है। जिसका सामना राहुल गांधी लगातार 3 लोकसभा चुनावों और कई राज्यों की विधानसभा में करते आ रहे हैं।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 99 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस भले ही लोकसभा में सबसे बड़ा विपक्षी राजनीतिक दल बन गया हो लेकिन यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस के 99 सीटों में अखिलेश यादव समेत इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य कई क्षेत्रीय दलों की भी अहम भूमिका रही है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के तमाम सहयोगी राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श कर चुनाव से कम से कम 6-7 महीने पहले ही रणनीति तैयार कर लेते।

राहुल गांधी के लिए यह तय करना भी जरूरी है कि किस राज्य में कौन सा राजनीतिक दल कांग्रेस का विरोधी है और किस राज्य में कौन सा राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ है। दिल्ली में आखिरी समय तक राहुल गांधी यह तय ही नहीं कर पा रहे थे कि केजरीवाल साथी है या विरोधी है ? पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में भी ममता बनर्जी ने कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया था और एक बार फिर से उन्होंने राज्य में अकेले ही 2026 का विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करके कांग्रेस पर हावी होने की कोशिश की है। लेकिन दूसरी तरफ राहुल गांधी को देखिए, कि वह तय ही नहीं कर पा रहे हैं कि ममता बनर्जी से लड़ना है या दोस्ताना संबंध रखने हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में थोड़ा निराशा महसूस कर सकते हैं। सिद्धान्तों पर डटे रहेंगे और कार्यक्षेत्र में अपनी शर्तो पर काम करेंगे। अपनी समस्या का समाधान ढूंढने का प्रयास करें। इसमें किसी जानकार की सलाह भी ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकते हैं। स्वभाव में क्रोध और आवेश रह सकता है। वाणी-व्यवहार में संयम रखें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में धन लाभ की संभावना है। संबंधियों के साथ की मुलाकात आनंदित करेगी। सामाजिक क्षेत्र में नौकरी व्यवसाय में लाभ मिलेगा। परिवार में खुशियों भरा माहौल रहेगा, लेकिन परिजन किसी तनावपूर्ण स्थिति में डाल सकते हैं। घर में मेहमानों का भी आना-जाना हो सकता है। किसी ऐसी वस्तु की खरीदारी कर सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। जरूरी काम बनने से लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन हाथ लगेगा। अच्छी खबर भी मिलने के योग हैं। उच्च पदाधिकारी और बुजुर्ग वर्ग की कृपादृष्टि रहेगी। सभी काम सरलता से संपन्न होते हुए प्रतीत होंगे। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में परिस्थिति अनुकूल रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा पर जाने से बचें और खाना-पान का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम का प्रेशर बढ़ेगा। सूझ-बूझ से काम लेंगे, तो तनाव में कमी आएगी। कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद होने से उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। प्रतिस्पर्धी सिर उठा सकते हैं। नकारात्मक विचारों को मन पर हावी न होने दें। सरकारी काम में अड़चन आ सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह राशि :-** आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अनोखी अनुभूति कराने वाला साबित हो सकता है। नए कार्य की शुरूआत के लिए शुभ समय नहीं है। मेहनत करने से काम जल्दी पूरा करेंगे, शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कार्यो पर खर्च करना पड़ेगा, जिससे आर्थिक परेशान हो सकती है। गूढ़ और रहस्यमय विद्याएं सीखने में विशेष रुचि ले सकते हैं। आध्यात्मिक सिद्धियां मिलने का योग है।

**कन्या राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी और उत्साह व ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विकास कार्यो में सफलता मिलेगी, ऑफिस में अधिकारी सहयोग करेंगे। आकस्मिक धन लाभ का योग है। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी। किसी ऐसी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो कोई महत्वपूर्ण सलाह दे सकता है। दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। स्नेहीजनों के साथ समय बिताएंगे।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। इस खबर से कोई बड़ी समस्या समाप्त हो सकती है। कार्य में सफलता और यश एवं कीर्ति प्राप्त होने की संभावना रहेगी। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। आज खर्च बढ़ेंगे। कानूनी फंदे में फंस सकते हैं, इसलिए सूझ-बूझ से काम लें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा, मगर लेन-देन में सावधानी रखें। परिजनों से विवाद हो सकता है। इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है। वाणी पर संयम रखें और दूसरों की बात को नजरअंदाज करने का प्रयास करें। दोस्तों और परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आकस्मिक खर्च हो सकता है। धार्मिक व्यक्ति के दार्शनिक विचारों को सुनेंगे, तो शांत व सहज रहेंगे।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यो में सफलता से मनोबल में वृद्धि होगी। धनलाभ और प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। जमीन, मकान, वाहन आदि में निवेश लाभदायक सिद्ध होगा। दोस्तों से निराशा मिल सकती है, लेकिन परिजनों का भरपूर सहयोग रहेगा। अपना काम स्वयं ही निपटाएं। दूसरों के भरोसे रहना ठीक नहीं होगा। सेहत को लेकर सावधानी बरतें। परिवार का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**मकर राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। राजनीतिक क्षेत्र में उन्नति होगी, ठोस संगठन से जुडने.के योग हैं। जीवन ध्येय पूरा करने के मौके मिलेंगे, पद लाभ मिलेगा। खुद को मानसिक रूप से शांत महसूस करेंगे और दुनिया के शोर-शराबे से दूर रहेंगे। अपने भविष्य को लेकर कुछ विचार-विमर्श कर सकते हैं। परिजनों के साथ व्यतीत होगा और उनके द्वारा लाभ भी मिलेगा। प्रतिस्पर्धियों परास्त करेंगे।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। अपने प्रयासों से अर्थ क्षेत्र में सुधार आएगा। व्यवहार उदार रहेगा, व्यावसायिक योजना फलीभूत होंगी। कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। यह यात्रा परिवारजनों या दोस्तों के साथ हो सकती है। मानिसक रूप से शांति मिलेगी। नए कार्य का प्रारंभ न करें। वाणी पर संयम रखने से परिजनों के साथ वाद-विवाद नहीं होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन राशि :-** आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। संपत्ति संबंधी कार्य बनेंगे, कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ सहयोग करेंगे। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात आनंददायक रहेगी। कोई शुभ समाचार मिलेगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। यह निर्णय लेते समय पर खुद पर भरोसा रखें। दूसरों की सलाह लें, लेकिन अंतिम फैसला स्वयं करें। कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## तेजस में देरी ठीक नहीं

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एयरो इंडिया 2025 में एचएएल की क्षमता पर संदेह जताया है। इसमें भारतीय वायुसेना को तेजस फाइटर जेट्स की सप्लाई में देरी का मुद्दा उठाया गया है, जो देश की रक्षा तैयारियों के लिए चिंताजनक है। चीन की सैन्य चुनौतियों के मद्देनजर समय पर तेजस की आपूर्ति आवश्यक है। बेंगलुरु में हो रहे एयरो इंडिया 2025 के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस बयान का चर्चा में आ जाना हैरत पैदा करता है कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी एचएएल की क्षमता पर भरोसा नहीं है। हालांकि यह किसी आधिकारिक ब्रीफिंग का हिस्सा नहीं था, लेकिन यूट्यूब पर जारी विडियो एयरो इंडिया से जुड़े कार्यक्रम का है।

वैसे यह कोई पहला मौका नहीं है जब देश के किसी वायु सेना प्रमुख ने एचएएल की ओर से सप्लाई में देरी को मुद्दा बनाया हो, लेकिन जिस तरह से और जिस मौके पर यह बयान आया, वह सामान्य नहीं है। देश की रक्षा तैयारियों को लेकर इस तरह के विवाद कोई अच्छा संदेश नहीं देते।



इस बयान के पीछे छुपी वायु सेना प्रमुख की चिंता समझी जा सकती है। एयरफोर्स को फाइटर जेट तेजस मिलने में एक साल से ज्यादा की देर हो चुकी है। इस तरह की देरी बहुत गंभीर है। इससे एयरफोर्स की लड़ाकू क्षमता इससे प्रभावित होती है। एयरचीफ मार्शल की इस शिकायत को हलके में नहीं लिया जा सकता कि बार-बार कहने और नई डेडलाइन देने के बाद भी उसका पालन नहीं हो पा रहा।

सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस तरह की देरी की क्या वजहें हैं। एचएएल की ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गई हैं और इसीलिए आने वाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दी जाएंगी। दरअसल इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं। देरी की एक बड़ी वजह अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से समय पर F404 इंजन की सप्लाई नहीं हो पाना भी है। दोनों देशों के बीच तकनीकी हस्तांतरण समझौतों की जटिलता भी इसमें आड़े आती है।

एयर चीफ मार्शल की बात को भारत की सीमा संबंधी चुनौतियों से जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है। चीन की सैन्य क्षमता भारत से कहीं ज्यादा है। हाल ही में उसने छठी पीढ़ी के J-36 फाइटर जेट्स की नुमाइश की थी, वहीं दो वर्षों में पाकिस्तान को उससे स्टेल्थ जेट भी मिलने वाले हैं। ऐसे में भारतीय वायुसेना को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा और उसके लिए समय पर तेजस की सप्लाई जरूरी है।

## आसान जिंदगी की चाह ने बेइज्जती से डिपोर्ट होने पर किया मजबूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। बहुत बे-आबरू हो कर तिरे कूचे से हम निकले...गालिब के इस शेर से उन डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है, जिन्हें अमरीका से भारत वापस भेजा गया है। अमेरिका से निर्वासित किए गए 100 से ज्यादा भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से वापस भारत भेजा गया है। इनमें 104 भारतीय शामिल हैं। जिसमें 72 पुरुष, 19 महिलाएं और 13 बच्चे हैं। अमरीका में करीब 18 हजार प्रवासी भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं। इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। डंकी मार कर अमरीका तक पहुंचे प्रवासी भारतीयों का काफी कुछ लुट गया। इनके लाखों रुपए बर्बाद हो गए और अमरीका बसने के सपने भी टूट गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि बिना दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे भारतीयों के संबंध में जो सही होगा भारत वो कदम उठाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन कतई नहीं करता। अवैध प्रवासन कई अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहता है। ये हमारी प्रतिष्ठा के लिए ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा था कि अगर हमारा कोई नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है और उसका भारत का नागरिक होना पाया जाता है तो हम उसके कानूनी रूप से भारत वापस लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार हैं। बीते कुछ दिनों से अमेरिका दुनिया भर के देशों से आए और अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे कठोर आप्रवासन नीति के मास्टरमाइंड स्टीफन मिलर। ट्रंप ने अपना दूसरा कार्यकाल जिस दिन संभाला, उसी दिन उन्होंने जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए उन पर मिलर के हस्ताक्षर पहले से मौजूद थे। इन आदेशों में थे- जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करना और दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित करना। नीतिगत मामलों के डिप्टी डायरेक्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मिलर ने ट्रंप के आप्रवासन एजेंडे को लागू करने के लिए कई कार्यकारी आदेशों का मसौदा तैयार करने की अगुवाई की। इसमें अवैध प्रवासियों के आने पर रोक और अमेरिकी धरती पर पहले से मौजूद रहने वालों को प्रत्यर्पित करने का वादा किया गया है। इन आदेशों में से एक है जन्म आधारित नागरिकता को खत्म करना। यह एक ऐसा कदम है जो अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में गारंटी दिए गए ऐतिहासिक अधिकार को नकारता है और इसे कोर्ट में चुनौती भी दी गई है। स्टीफन मिलर ट्रंपिज्म की सबसे कट्टर नीतियों के वास्तुकार ही नहीं हैं, बल्कि एक रणनीतिकार भी हैं, जिन्होंने इन्हें असरदार तरीके से लागू करने के दांवपेंच में महारत हासिल कर ली है। ऐसा बहुत कम होता है कि अमेरिका में रह रहे अवैध आप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने के काम में सेना को लगाया जाए लेकिन ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में प्रवासियों को भेजने के मिशन में सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल अमरीका में बसना एक ऐसा सपना है जिसे ज्यादातर लोग हकीकत में बदलना चाहते हैं, खासतौर पर अमरीकी जीवन शैली और सुविधाएं सभी को आकर्षित करती हैं। आकषर्ण का यही जाल मुसीबत का सौदा साबित होता है। जब वैध तरीके से अमरीका में प्रवेश नहीं मिलता तो डंकी रास्ते से घुसने की कोशिश की जाती है। बेरोजगारी की समस्या और खूब धन कमाकर अच्छी जिंदगी जीने की चाह कई भारतीय युवाओं को विदेश जाकर रोजगार तलाशने के लिए प्रेरित करती है।




आंकड़े बताते हैं कि डंकी रूट से भारत से अमेरिका जाने वालों की संख्या काफी है। विदेश जाकर बहुत सारा धन कमाने का सपना देखने वाले हजारों लोग हर साल डंकी रूट से अमेरिका जाने का जोखिम उठाते हैं। डंकी रूट एक ऐसा जोखिम है जिसमें हर कदम पर परेशानी ही परेशानी है और कई बार मौत का भी सामना करना पड़ता है। अमेरिकी सीमा पार करने के लिए लोगों को कई महीनों तक लंबी यात्रा करनी पड़ती है। मानव तस्कर इस रूट में संचालक की भूमिका में होते हैं, जो अवैध रूप से देशों की सीमाएं लांघने में मदद के बदले लोगों से अच्छी खासी रकम लेते हैं। कई बार यह रकम 50 से 85 लाख रुपये तक होती है। अमेरिका में डॉलर में धन कमाकर भारत पैसा भेजने वाले लोगों के घर अलग से पहचाने जाते हैं। कई परिवारों के लिए उनके किसी सदस्य का अमेरिका में होना स्टेटस माना जाता है। वहीं, भारत में 2018 से लगातार बेरोजगारी दर गिरने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की समस्या युवाओं के पलायन का कारण मानी जाती है।

**- योगेन्द्र योगी**

## कौशल और डिजिटल शिक्षा के प्रति संकल्पित केंद्रीय बजट

किसी देश के आर्थिक विकास और समृद्धि में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कौशल तकनीकी नवाचारों तथा अन्य विशिष्टताओं में दक्ष मानव-पूंजी रोजगार सृजन और उत्पादकता में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती है। डिजिटल शिक्षा नेटवर्क के द्वारा देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। किसी देश के आर्थिक विकास और समृद्धि में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कौशल, तकनीकी नवाचारों तथा अन्य विशिष्टताओं में दक्ष मानव-पूंजी रोजगार सृजन और उत्पादकता में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती है। केंद्रीय बजट 2023-24 में शिक्षा को प्रमुखता के साथ स्थान दिया गया और शिक्षा के लिए रिकार्ड 1,04,278 करोड़ रुपये आवंटित किये गए जो गत वर्ष 22-23 में आवंटित किए गए 93,224 करोड़ रुपये की तुलना में 11.86 प्रतिशत ज्यादा है शिक्षा को डिजिटलीकरण की तरफ बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील बजट की शिक्षाविदों द्वारा व्यापक रूप से सराहना की गई है, क्योंकि यह बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 और डिजिटल इंडिया मिशन के दृष्टिकोण को आत्मसात करते हुए आनलाइन शिक्षा पद्धति को समृद्ध करने और कौशलयुक्त युवाओं के सृजन के प्रति संकल्पित दिखता है। एक मजबूत डिजिटल शिक्षा नेटवर्क के द्वारा ही पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है।

निरंतर विकसित होने वाली प्रौद्योगिकी ने ज्ञानवर्धक ई-सामग्री के साथ डिजिटल शिक्षा को अत्यंत प्रेरक, संवादात्मक और आकर्षक बना दिया है। 21वीं सदी में, जहां हमारे जीवन और कार्य गतिविधियों पर डिजिटलीकरण का बोलबाला है, डिजिटल शिक्षा पद्धति शिक्षार्थियों के लिए उनके कौशल और ज्ञान की आवश्यकता के अनुरूप पाठ्य सामग्री की सुलभता सुनिश्चित करा सकेगी। विभिन्न प्रकार की दिलचस्प ई-सामग्रियों से शिक्षार्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि होगी। विषय सामग्री और अद्यतन रोचक आनलाइन पाठ्य सामग्री के साथ शिक्षार्थियों का अधिक जुड़ाव उनके प्रदर्शन और महत्वपूर्ण सोच-क्षमता को बढ़ाएगा। अन्य देशों की तरह भारत को पिछले दो वर्षों के दौरान कोविड महामारी के परिणामस्वरूप शैक्षणिक संस्थानों के बंद होने के कारण पारंपरिक कक्षा शिक्षण में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। महामारी के कारण आफलाइन शिक्षण की हानि को कम करने और नियमित शैक्षणिक कैलेंडर बनाए रखने के लिए देश के विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आनलाइन प्लेटफार्म और ई-सामग्री का भरपूर उपयोग किया गया जिससे आनलाइन शिक्षण को बढ़ावा मिला तथा शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन आनलाइन मोड में स्थानांतरित होते चले गए। शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों ने महामारी के दौरान ई-लर्निंग की संभावनाओं को महसूस किया और इसके अभ्यस्त हो गए। एनईपी-2020 के अनुसार वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 50 प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित है जिसे विभिन्न प्रकार के गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री की उपलब्धता के साथ देश भर में एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। बजट में डिजिटल शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है और स्कूली बच्चों के लिए ई-सामग्री के विकास और पीएम ई-विद्या योजना के तहत एक कक्षा एक टीवी चैनल कार्यक्रम को 200 टीवी चैनलों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है।



# दहेज में बुलेट न मिलने पर नवविवाहिता की हत्या

## शव को चबूतरे पर रखकर ससुराल वाले फरार, आरोपी पति गिरफ्तार




**पूर्णिया।** में दहेज में बुलेट बाइक नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने नवविवाहिता के साथ मारपीट के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। एक साल पहले ही विवाहिता की शादी हुई थी। युवती की हत्या के बाद ससुराल वाले घर के चबूतरे पर लाश रखकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से ऋछ की टीम ने कई अहम साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान भवानीपुर के तुलसी विशनपुर निवासी मुन्नी कुमारी (21) के रूप में हुई है। इधर युवती की मौत के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका की मां प्रमिला देवी ने बताया कि एक साल पहले ही उन्होंने अपनी बेटी मुन्नी की शादी डुमरिया निवासी सदरी राम के बेटे मुन्ना राम से की थी। शादी के बाद से ही दामाद मुन्ना राम, ससुर सदरी राम, गोतनी सोनी देवी के साथ ही सास संजो देवी के द्वारा बुलेट बाइक को लेकर अक्सर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उन लोगों ने सप्ताह भर पहले बेटी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। दोपहर




में ग्रामीणों ने सूचना दी कि मेरी बेटी के ससुराल वालों ने मारपीट के बाद उसकी गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद ससुराल वाले बेटी के शव को घर के चबूतरे पर रखकर फरार हो गए हैं। शव को चबूतरे पर रख फरार हुए परिजन वहीं इसकी जानकारी मिलते ही वो आनन-फानन में बेटी के ससुराल पहुंचे। यहां बेटी के शव को चबूतरे पर रखा देख मीरगंज थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी। मृतका की मां ने बताया कि उनकी बेटी की गोतनी सोनी देवी ने अपने मायके कटिहार जिला के पोठिया के भंगहा गांव से ललन राम, मोहन राम, रवि राम, हबरी देवी, सुखो देवी, बाल्मीकि राम को बुलाकर दामाद मुन्ना राम, ससुर सदरी राम व संजो देवी के साथ मिलकर बेटी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंची मीरगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। घटना की जानकारी देते हुए मीरगंज थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि मृतका की मां प्रमिला देवी ने दहेज प्रताड़ना और हत्या को लेकर मृतका के पति, ससुर, गोतनी समेत 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जबकि नवविवाहिता की हत्या मुख्य आरोपी मृतका के पति मुन्ना राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### गोलीबारी में युवक की मौत, एक घायल खेत की पटवन के दौरान फायरिंग



**बांका।** में बुधवार की शाम खेत की पटवन के दौरान हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गोपालपुर गांव निवासी किशोर चौधरी के बेटे आदित्य कुमार उर्फ कारे के रूप में हुई है। घटना अमरपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के दक्षिण हड़जोड़ा बहियार में हुई, जहां आदित्य अपने साथी राकेश पासवान के साथ गेहूं के खेत में पटवन कर रहा था। अपराधियों ने सरसों के खेत में घात लगाकर दोनों पर हमला किया। आदित्य को गोली मार दी और राकेश को बुरी तरह पीटकर खेत में फेंक दिया। घायल किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। भागने के क्रम में उसने एक अपराधी की पहचान कर ली, जो गांव का ही राहुल चौधरी था। जबकि अन्य अपराधी अपने चेहरे को तौलिया से ढंक लिया था। घटना की सूचना मिलते ही बांका एसडीपीओ विपिन बिहारी के नेतृत्व में पुलिस टीम, एफएसएल की टीम और टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने एकत्र किए और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। एसडीपीओ विपिन बिहारी ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। घटनास्थल की डॉग स्क्वायड टीम से भी जांच कराई जाएगी। घटना में संलिप्त अपराधियों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जायेगा। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा, दरोगा विक्की कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे। मृतक के बड़े भाई गौरव कुमार ने बताया कि वह और आदित्य चार दिन पहले ही गुजरात के सूरत से गांव आए थे।

### छोटे भाई को डूबने से बचाने में युवक की मौत



**कटिहार।** में माघी स्नान के दौरान छोटे भाई को डूबने से बचाने में युवक की जान चली गई। घटना कुसेर्ला थाना क्षेत्र के त्रिमोहिनी संगम की है, जहां पूर्णिया से गंगा स्नान के लिए आए थे। मृतक की पहचान रुपौली थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी अरुण कुमार झा के बेटे सूरज कुमार उर्फ गुड्डू झा (20) के रूप में हुई है। । घटना उस समय हुई, जब अरुण कुमार झा अपने परिवार के साथ माघी स्नान के लिए आए थे। स्नान के दौरान उनका छोटा बेटा गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए सूरज कूद पड़ा और छोटे भाई को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन खुद गहरी खाई में फिसल गया। प्रशासनिक लापरवाही के कारण घाट पर न तो बैरिकेडिंग थी और न ही गोताखोर मौजूद थे। आधे घंटे बाद गोताखोर पहुंचा, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से सूरज को बाहर निकाला गया और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गंगा सेवक संगम बाबा ने बताया कि हर साल हजारों श्रद्धालु यहां माघी स्नान के लिए आते हैं। इसके बावजूद कुसेर्ला अंचलाधिकारी न तो खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग करवाते है और न ही पर्याप्त गोताखोरों की तैनाती की जाती है। उचित सुरक्षा व्यवस्था होती तो एक जवान जिंदगी बचाई जा सकती थी। बता दें कि मनिहारी और बरारी गंगा घाट पर सुविधाएं दी जाती है, लेकिन त्रिमोही संगम को नजर अंदाज किया जा रहा है।

### शवे बारात और महाशिवरात्रि को लेकर निर्देश

**मुजफ्फरपुर।** में शवे बारात और महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर डीएसपी सीमा देवी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रेमिका ने भागकर की शादी



**जमुई।** में एक युवती ने अपनी शादी से एक दिन पहले अपने प्रेमी के साथ भागकर मंदिर में शादी कर लिया। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर प्रखंड के दिग्घी की रहने वाली शांति कुमारी और मोहनपुर निवासी निकेत कुमार के बीच पिछले 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शांति के पिता दयानंद वर्णवाल ने उसकी शादी कही और तय कर दी थी। बुधवार को माघी पूर्णिमा के दिन छेका का रस्म होने वाला था। इससे एक दिन पहले ही मंगलवार को शांति अपने प्रेमी निकेत के साथ घर से भाग गई। दोनों ने मंदिर में पंडित की मौजूदगी में विवाह कर लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि शांति अपने प्रेमी से मंदिर में पंडित की मौजूदगी में शादी कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही युवती के परिवार वालों ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही है। लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक के अनुसार, अभी तक मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत मिलती है, तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

# पकड़ौआ विवाह परीक्षा देने आई छात्रा को घर छोड़ने गया था प्रेमी



**पटना।** के सोनपुर से बुधवार को पकड़ौआ विवाह का एक मामला सामने आया है। एग्जाम सेंटर से प्रेमी के साथ घर लौट रही लड़की को परिजन ने देख लिया। इसके बाद प्रेमी को पकड़कर जबरन शादी करवा दी। प्रेमिका की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के मुजौन धर्मागत गांव निवासी सोनी कुमारी(19) के रूप में हुई है। वहीं, लड़के की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के रायपट्टी के रहने वाले राजीव कुमार(22) के रूप में हुई है। बुधवार को राजीव अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़ने सोनपुर के रामसुंदर दास महिला महाविद्यालय गया था। लड़की ने अपनी इंटरमीडिएट की परीक्षा दी। इसके बाद राजीव को एग्जाम सेंटर पर लेने बुलाया। वहां, से लड़की ने कहा कि मुझे मेरी मामी के घर छोड़ दो। राजीव जब सोनी को उसकी मामी के घर छोड़ने गया, तभी उसके मामा ने देख लिया। इसके बाद राजीव को जबरदस्ती पकड़कर को उसको अपने साथ घर ले गया। वहां, 2 घंटे तक हंगामा करने के बाद दोनों को पहलेजा घाट स्थित राम जानकी मंदिर ले गए। वहां, दोनों की जबरन शादी करवा दी। 2 साल से चल रहा था अफेयर राजीव कुमार और सोनी कुमारी के बीच साल 2023 से अफेयर चल रहा था। बताया जा रहा है कि राजीव की दोस्ती सोनी से स्कूल में हुई थी। राजीव का दोस्त उसी के स्कूल में पढ़ता था, जिसके कारण वो अक्सर उसके स्कूल आया जाया करता था। इसी बीच 2023 में दोनों की दोस्ती हुई और धीरे-धीरे प्यार में बदल गया। राजीव ने शुरूआत में शादी का विरोध किया।

लेकिन परिजन और स्थानीय लोगों के दबाव के चलते उसे झुकना पड़ा। आनन-फानन में जयमाला और सिंदूरदान की रस्में पूरी कराई गई। इस जबरन शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में इस घटना की चर्चा हो रही है।

# पटना: के मनेर में जमीन विवाद में घर पर बमबाजी

## पीड़ित बोला- पूर्व मुखिया समेत 3 लोगों ने दी थी धमकी, परिवार की हो सकती है हत्या




**पटना।** के मनेर में एक घर पर बमबाजी हुई है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार रात अचानक मेरे घर पर एक के बाद एक तीन बम फेंके गए। जिसमें घर का दरवाजा, दीवार और गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने पूर्व मुखिया और उनके दो साथियों पर आरोप लगाते हुए बुधवार को ऋक्फ़ दर्ज कराई है। जमीन के 30 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर दोनों पक्ष में पुराना विवाद चल रहा है। पीड़ित पक्ष ग्यासपुर निवासी किशोर कुमार मिश्र का कहना है कि उन्होंने आरोपी पक्ष को जमीन बेचा था। बाद में विवाद होने पर पूरा पैसा लौटा दिया था। अब ब्याज की डिमांड कर रहे हैं। इसे लेकर महीनों से डरा-धमका रहे हैं। इसलिए घर पर बमबाजी की है। मुझे धमकी देते हुआ कहा था कि 48 घंटे के अंदर पूरे परिवार को अंजाम भुगतना पड़ेगा। बच्चों को किडनैप करने की भी कोशिश की गई थी। मेरी और परिवार के लोगों की कभी भी हत्या हो सकती है। इधर, घटना के बाद बुधवार को जांच के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि बमबाजी हुई है, लेकिन लो एक्सप्लोसिव इस्तेमाल किया गया है। हम लोग जांच कर रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है।पीड़ित किशोर मिश्र ने बताया कि पूर्व मुखिया मनोज और उनके दो साथी मुकेश और कुणाल मेरे घर आए थे। उस वक्त हमलोग घर पर नहीं थे। मेरे परिजन ने कहा कि वो रात में आएंगे। इसके बाद तीनों अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। कुछ महीने पहले भी उन लोगों ने हथियार दिखाकर मेरे रिश्तेदार को धमकाया था। बच्चे को किडनैप करने की बात कही थी। अब घर पर हमला हुआ है।डीएसपी पंकज कुमार ने बताया यह घटना जमीन और पैसों के लेनदेन के विवाद से जुड़ी है। किशोर मिश्र का आरोप है कि पूर्व मुखिया और उनके साथियों ने बम से अटैक किया है। दोनों के बीच जमीन के पैसे के लेनदेन का विवाद चल रहा था। मामले की छानबीन की जा रही है। बमबाजी में कोई घायल नहीं हुआ है। बताया जा रहा है किशोर मिश्र ने कुछ साल पहले पूर्व मुखिया को जमीन बेची थी। जमीन के बदले उसे 30 लाख रुपए भी मिले थे, लेकिन बाद में जमीन का मामला फंस गया था। जिसकी वजह से दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। आरोपी पक्ष बोले- पैसा हड़पने के लिए झूठ बोल रहा इधर पूर्व मुखिया मनोज कुमार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार न तो जमीन दे रहा है और न ही पैसे लौटा रहा है। उनका आरोप है कि किशोर कुमार पैसा हड़पने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं।

# माघी पूर्णिमा पर विद्यापति धाम में भक्तों की भीड़



**समस्तीपुर।** जिले के विद्यापतिधाम मंदिर में माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह पांच बजे से ही भक्तगण सिमरिया, चमथा, पतसिया और गंगा की सहायक नदियों में स्नान कर बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचे। मंदिर परिसर में 'हर-हर भोले, बम-बम भोले' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के पुजारी गिरि जी ने बताया कि माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान और शिवजी पर जल चढ़ाने से पुत्र सुख और यश की प्राप्ति होती है। इस दिन का स्नान महाकुंभ के स्नान के समान फलदायी माना जाता है, जिसे अमृत स्नान भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्णिमा के दिन सूर्योदय से पहले स्नान-ध्यान और सत्यनारायण स्वामी की कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए थानाध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई। मंदिर परिसर में सतीश गिरि, मनीष कुमार गिरि, नवल गिरि, नन्हे गिरि, भरत गिरि और मुखेड गिरि सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके अलावा, लोगों ने अपने घरों में भी भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# ट्रेन में जगह नहीं मिलने पर बांस-बल्ले से किया हमला



**पटना।** माघी पूर्णिमा के दिन प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए मंगलवार को कटिहार जंक्शन पर भारी संख्या में यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच रात के 11 बजे जब जोगबनी से दिल्ली जाने वाली ट्रेन कटिहार जंक्शन पहुंची तो स्थिति और खराब हो गई। ट्रेन पहले से ही यात्रियों से खचाखच भरी थी। इसके कारण सीमांचल एक्सप्रेस में जगह नहीं मिलने पर लोग हिंसक हो गए। दरवाजा बंद मिलने पर लोगों ने बांस से किया हमला जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म नंबर एक पर मौजूद सैकड़ों यात्रियों ने जब स्लीपर और जनरल कोच के कई दरवाजों को खोलने की कोशिश की तो सभी अंदर से बंद मिले। इससे कई लोग भड़क गए और बांस से लोगों पर हमला कर दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दरवाजे में लगी खिड़की से कुछ लोग अंदर बैठे यात्री को मार रहे है और साथ ही बांस से धक्का लगा रहे है। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कटिहार रेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की कोशिश की है। कटिहार डिवीजन के एडीआरएम मनोज सिंह ने बताया कि कुंभ स्नान के लिए नियमित ट्रेनों के अलावा स्पेशल ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ सहित अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए है। मालूम हो कि सीमांचल एक्सप्रेस नेपाल बॉर्डर से सटे जोगबनी स्टेशन से शुरू होकर प्रयागराज होते हुए नई दिल्ली तक जाती है। इस रूट में नेपाल से भी लोग कुंभ स्नान के लिए यात्रा करते है। पिछले कुछ दिनों से इस ट्रेन में भारी भीड़ देखी जा रही है।

# लालू बोले-हमारे रहते भाजपा सरकार नहीं बना सकती

## दिल्ली के नतीजों का बिहार में नहीं होगा असर, भाजपा बोली– 25 सीट भी नहीं जीत पाएंगे








हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी भाई। हम लोगों को एकजुट होकर देश में अपनी सरकार बनानी है। महिलाओं के खाते में हम लोग 2500 रुपए डालेंगे, जैसा झारखंड में किया है।

**लालू यादव,**
राजद सुप्रीमो



बीजेपी दलित और अति पिछड़ों को उनके हक से हमेशा दूर करती रही है।इस चुनाव में बीजेपी को मल्लाह समाज की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। हमलोग मिलकर महागठबंधन की सरकार बनाएंगे।

**मुकेश सहनी**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, VIP

**पटना।** में गुरुवार सुबह RJD सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 'दिल्ली चुनाव के नतीजों का बिहार में कोई असर नहीं पड़ेगा। हम लोग के यहां रहते, बिहार में भाजपा सरकार बना लेगी क्या। बीजेपी वालों को जनता जान चुकी है।' 8 दिन पहले नालंदा में पूर्व विधायक कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि पर भी लालू ने कहा था 'न कहीं किसी के सामने सिर नहीं झुकाना है। न मैंने किसी के सामने सिर झुकाया है। हम सभी को मिलकर काम करना है, और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।' 'हर हाल में हम लोग मिलकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। बिहार के लोगों को बिजली फ्री दी जाएगी, लोगों को रोजगार भी मिलेगा, नौकरी भी हम लोग देंगे। हम लोग जो बोलते हैं, वो करते हैं। जो कहते हैं, वो करना भी चाहिए। सभी से मैं ये अपील करता हूं कि इस देश की रक्षा के लिए एक साथ खड़े रहें।'लालू यादव के बयान पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि ' वे बड़बोले नेता हैं। होटवार जेल को सुशोभित कर चुके हैं। अभी धृतराष्ट्र के रोल में हैं। अपने बेटे दुर्योधन को उट बनाने के लिए बेचैन हैं। उनको पहले ये समझना चाहिए कि पहली बार बीजेपी के समर्थन से उट बने थे। 2025 में RJD को 25 सीटें भी नहीं आएगी। जनता ने विकास देखा है और उनका विनाश भी देखा है।' JDU के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि 'लालू यादव जी के बेटे ने उन्हें राजनीति में अयोग्य घोषित कर दिया है। लालू जी आप महुआ बाग में मकान बनाइए। उम्र के चौथे पड़ाव पर हैं। NDA गठबंधन ने इस बार 225 से 230 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। डबल इंजन की सरकार में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार की जनता नीतीश कुमार के नेतृत्व से उब चुकी है। अब तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बदलाव चाह रही है। महागठबंधन मिलजुलकर अपनों संकल्पों के साथ सरकार बनाने जा रही है। महागठबंधन में सबकुछ स्पष्ट है। हम लोग एकजुट होकर सरकार बनाएंगे।दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि 'दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है।' कुछ दिन पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बिना नाम लिए RJD नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का शिष्य बताया था। PM की गारंटी पर लोगों को भरोसा है दिलीप जायसवाल ने कहा था कि 'केजरीवाल ने मतदाताओं को मुफ्त चीजें देने का वादा करके सारी हदें पार कर दी थीं। वह पहले छत्तीसगढ़ में देखे गए रुझानों पर गौर करने में विफल रहे। जहां लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और कांग्रेस की भूपेश सिंह बघेल सरकार के खिलाफ वोट दिया।' 'बिहार में भी कुछ लोग अरविंद केजरीवाल के चेले बन गए हैं। वे महिलाओं को 2,500 रुपए की मासिक सहायता और मुफ्त बिजली देने के वादे के सहारे मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सोना 340 रुपए टूटा, चांदी में 600 रुपए की तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 340 रुपये घटकर 87,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### अशोक लेलैंड का शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़ा

ASHOK LEYLAND

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली अशोक लेलैंड लि. का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 34.63 प्रतिशत बढ़कर 819.67 करोड़ रुपये हो गया। यह लाभ विशेष रूप से विदेशी बाजारों में मजबूत बिक्री के कारण हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 608.85 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

### स्टरलाइट पावर को मिले 2,250 करोड़ के नए ठेके




**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने अपने वैश्विक उत्पाद एवं सेवा (जीपीएस) कारोबार में 2,250 करोड़ रुपये के नए ठेके मिलने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, ये ठेके भारत के हरित ऊर्जा संचरण बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और कंपनी की वैश्विक पहुंच का विस्तार करने पर केंद्रित हैं।

### एयरटेल ने हाई-स्पीड नेट के लिए नोकिया को दिया अनुबंध




**नई दिल्ली।** दूरसंचार संचालक भारती एयरटेल ने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई समाधान के विस्तार के लिए नोकिया और क्वालकॉम को अनुबंध दिया है। भारत में उपयोगकर्ताओं को 'हाई-स्पीड' इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है। नोकिया के 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई 6 एक्सेस प्वाइंट डिवाइस का उत्पादन भारत में किया जाएगा।

### सीमेंस का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 372 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय कम होने के कारण लाभ कम हुआ है। सीमेंस के बयान के अनुसार कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 412 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### पश्चिम बंगाल में 3.89 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट बुधवार को पेश किया। इसमें सामाजिक कल्याण, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने अपने बजट में बुनियादी ढांचे तथा कृषि विकास परियोजनाओं की घोषणा की, जिसमें ग्रामीण संपर्क, नदी कटाव नियंत्रण तथा कृषि सहायता पहलों के लिए विशेष धनराशि आवंटित की गई है।

# भारतीय शेयर बाजार के बिग बुल्स हुए कंगाल, 40 दिन में हुआ हजारों करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने अब तक 2025 में भारतीय शेयर बाजार से लगभग 10 बिलियन डॉलर गायब कर दिए। इस गिरावट ने ना केवल खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया, बल्कि बाजार के बड़े बुल्स को भी कंगाल किया है।

- नवंबर 2024 से जारी गिरावट का क्रम अभी भी जारी

भारतीय शेयर बाजार में नवंबर 2024 से गिरावट का जो दौर शुरू हुआ वो अभी भी जारी है। बुधवार को भी भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। अंत में बीएसई सेंसेक्स में 122 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 26अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 11 फीसदी और 14 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है, जो 2016 के बाद से इस साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली से 2025 में अब तक 10 बिलियन डॉलर गायब

### इन लोगों का भी पैसा डूबा

शेयर बाजार के गिरावट से मुकुल अग्रवाल को 884 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आकाश भंसाली का नाम है। आकाश को शेयर मार्केट की गिरावट से 932 करोड़ का नुकसान हुआ है। नेमिष शाह की बात करें तो उन्हें 462 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद मधुसूदन केला का नाम है। इन्हें मार्केट की गिरावट से 506 करोड़ का नुकसान हुआ। विजय केडिया और सुनील सिंघानिया की बात करें तो इन्हें 278 और 515 करोड़ के नुकसान का दंश झेलना पड़ा।



### निफ्टी 50 के सबसे बड़े लूजर्स

बीते 1 महीने के आंकड़े की बात करें तो निफ्टी 50 की जिन कंपनियों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है, उसमें ट्रेंट लिमिटेड सबसे ऊपर है। इस शेयर में बीते एक हफ्ते में 20.4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। वहीं दूसरे नंबर पर है पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। इस शेयर में 14.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। तीसरे नंबर पर है एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, इसमें 14.1 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। इसके बाद नंबर आता है टाटा मोटर्स का इस शेयर में 12.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### 2025 में किसके कितने पैसे डूबे

एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन 10 सबसे बड़े शेयर बाजार के निवेशकों के पैसे मार्केट की इस गिरावट में कम हुए हैं, उसमें पहला नाम राधाकिशन दमानी का है, सिर्फ 2025 में अब तक उनको लगभग 4273 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद दूसरे नंबर पर आशीष धवन हैं, उन्हें 318 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तीसरे नंबर पर झुनझुनवाला परिवार है, इस परिवार को 6,051 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद आशीष कचोलिया का नाम आता है, आशीष को 2025 में अबतक 324 करोड़ का नुकसान हुआ है।

## खनन व विनिर्माण क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

# औद्योगिक उत्पादन दिसंबर में धीमा पड़ा, तीन महीने के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आया

नई दिल्ली

*खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से दिसंबर, 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.2 प्रतिशत की दर से ही बढ़ा जो तीन महीनों का निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा था।*

सरकार ने नवंबर, 2024 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़े को भी संशोधित कर पांच प्रतिशत कर दिया है। पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में इसे 5.2 प्रतिशत बताया गया था। सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत के समान स्तर पर रही जबकि अगस्त में स्थिर रही थी।

- दिसंबर 2023 में औद्योगिक उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा
- सरकार ने नवंबर 2024 के आईआईपी आंकड़े को किया संशोधित
- खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई



### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

अक्टूबर, 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि 3.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन तीन प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

### खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटी

आलोच्य अवधि में खनन उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई जबकि साल भर पहले की समान अवधि में यह 5.2 प्रतिशत थी। हालांकि समीक्षाधीन माह में बिजली उत्पादन बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गया जो दिसंबर, 2023 में सिर्फ 1.2 प्रतिशत था।

### पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों यानी अप्रैल-दिसंबर की अवधि में औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 6.2 प्रतिशत वृद्धि से कम है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत वस्तु खंड की वृद्धि दिसंबर 2024 में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 3.7 प्रतिशत वृद्धि हुई थी।

### गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन घटा

टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 में 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। दिसंबर 2024 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 7.6 प्रतिशत घट गया जबकि दिसंबर, 2023 में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### बुनियादी ढांचे में वृद्धि दर्ज की गई

आंकड़ों के मुताबिक, बुनियादी ढांचे/निर्माण वस्तुओं ने दिसंबर 2024 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले की अवधि में 5.5 प्रतिशत बढ़ी थी। प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन दिसंबर, 2024 में 3.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले के समान माह में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के खंड में वृद्धि दर समीक्षाधीन महीने में 5.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 3.7 प्रतिशत थी।

# मोदी और पिचाई की 'भारत के डिजिटल कायाकल्प' पर चर्चा



- भारत और गूगल मिलकर एआई पर काम करेंगे

पेरिस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने पेरिस में आयोजित एआई एक्शन समिट के दौरान कृत्रिम मेधा (एआई) से भारत में पैदा होने वाले'अविश्वसनीय अवसरों' पर चर्चा की।

भारतीय मूल के पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में इस पर भी चर्चा की कि गूगल और भारत किस तरह से देश में 'डिजिटल कायाकल्प' लाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। पिचाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,एआई एक्शन समिट के लिए पेरिस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। सीईओ ने कहा, हमने एआई द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और भारत के डिजिटल कायाकल्प पर हम किस तरह मिलकर काम कर सकते हैं, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने पिचाई की इस टिप्पणी का जवाब देते हुए एक पोस्ट में कहा, ''भारत एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

### इससे पहले मुलाकात सितंबर 2024 में

मोदी और पिचाई के बीच इससे पहले मुलाकात सितंबर, 2024 में न्यूयॉर्क में हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की मंगलवार को सह-अध्यक्षता की थी।

# इक्विटी म्यूचुइल फंड में 39,688 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी में 39,688 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद मुख्य रूप से लघु और मझोली कंपनियों के शेयरें से जुड़ी योजनाओं में पूंजी प्रवाह के कारण कुल निवेश बढ़ा है।

यह दिसंबर, 2024 में दर्ज 41,156 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से 3.5 प्रतिशत कम है। इसके साथ निवेशकों ने इस क्षेत्र में लगातार 47वें महीने शुद्ध रूप से निवेश जारी रखा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में, बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रवार श्रेणी में निवेशकों ने सबसे अधिक 9,016 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इस खंड में दिसंबर में हुए 15,331 करोड़ रुपये के निवेश से यह काफी कम है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में मिडकैप श्रेणी में 5,148 करोड़ रुपये जबकि स्मॉलकैप श्रेणी में 5,721 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर-प्रबंधक अनुसंधान हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि म्यूचुअल फंड की स्मॉल और मिड कैप योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं और इन खंडों के प्रति उनकी प्राथमिकता दर्शाती है, जो मुख्य रूप से पिछले कुछ वर्षों में इनसे प्राप्त उच्च रिटर्न के कारण है।





- बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद हुआ निवेश
- लघु और मझौली कंपनियों के शेयरों में पूंजी प्रवाह बढ़ा

### एयूएम 67.25 लाख करोड़ हुई

जनवरी के अंत तक म्यूचुअल फंड के प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 67.25 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो दिसंबर, 2024 के अंत में 66.93 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी।

# हुंडई इंडिया एमएससीआई सूचकांक में होगी शामिल




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड को एमएससीआई इंडिया सूचकांक में शामिल किया जाएगा जबकि अदाणी ग्रीन एनर्जी इससे बाहर होगी। सूचकांक संकलक एमएससीआई की घोषणा के अनुसार, एमएससीआई वैश्विक मानक सूचकांक के घटकों में परिवर्तन 28 फरवरी 2025 से प्रभावी होंगे। एमएससीआई वैश्विक निवेश समुदाय के लिए महत्वपूर्ण निर्णय समर्थन उपकरण व सेवाओं का अग्रणी प्रदाता है। एमएससीआई ग्लोबल स्मॉल कैप सूचकांक में 19 कंपनियों को जोड़ा जाएगा, जबकि 19 कंपनियां 28 फरवरी से बाहर हो जाएंगी।

# बाजार में रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 122 अंक फिसला

मुंबई

विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी और व्यापार युद्ध गहराने की आशंकाओं से परेशान घरेलू शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 122 अंक और निफ्टी 26 अंक के नुकसान पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स आखिरी घंटे में खरीदारी आने से अपनी भारी गिरावट से उबरने में सफल रहा और 122.52 अंक गिरावट के साथ 76,171.08 पर बंद हुआ।



- आखिरी घंटे में खरीदारी आने से बाजार में आई रिकवरी

हालांकि सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय भारी दबाव में रहा और एक समय 905.21 अंक गिरकर 76,000 के स्तर से नीचे 75,388.39 पर आ गया था। निफ्टी 26.55 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 273.45 अंक गिरकर 22,798.35 पर आ गया था। चार फरवरी से अब तक सेंसेक्स 2,412.73 अंक यानी 3.07 प्रतिशत गिर चुका है जबकि निफ्टी को 694 अंक यानी 2.92 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही।

## टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स कर्नाटक में करेगी विस्तार...



**बेंगलुरु।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की कर्नाटक में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना है। टीएएसएल भारतीय वायु सेना के लॉकहीड मार्टिन के सी-130जे बेड़े को सहायता प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण (एमआरओ) सुविधा स्थापित करेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता मजबूत होगी और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में कर्नाटक की भूमिका को बल मिलेगा। कर्नाटक के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के समर्थन से ऐसे निवेशों से एयरोस्पेस क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। मजबूत सरकारी समर्थन के साथ, कर्नाटक वैश्विक एयरोस्पेस तथा रक्षा कंपनियों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है।

# स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू

नई दिल्ली

सरकार ने घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप और ट्यूब के लिए अनिवार्य गुणवत्ता आदेश लागू किए हैं।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 10 फरवरी को इस संबंध में एक अधिसूचना 'स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2025' जारी की है। यह इस साल एक अगस्त से लागू होगा।

आदेश के अनुसार, जब तक किसी वस्तु पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न नहीं होगा, तब तक उसका उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण नहीं किया जा सकेगा। अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के विनिर्माताओं द्वारा अनुसंधान और विकास (आरएंडी) के उद्देश्य से प्रति वर्ष आयातित ऐसे 500 किलोग्राम वस्तुओं पर लागू नहीं होगा। इसमें यह शर्त होगी कि ऐसे आयातित सामान और वस्तुओं को व्यावसायिक रूप से नहीं बेचा जाएगा और उन्हें कबाड़ के रूप में निपटाया जा सकता है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पहली बार में दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। दूसरी बार और उसके बाद के अपराधों के मामले में, जुर्माना बढ़कर न्यूनतम पांच लाख रुपये से सामान या वस्तुओं के मूल्य का 10 गुना तक हो जाएगा। प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं।



- घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा

### पर्यावरण की रक्षा में मिलेगी मदद

अनिवार्य क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार चलन को रोकने तथा उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

## आयात सालाना आधार पर 65 फीसदी घटकर 2,75,241 टन रहा

# पाम ऑयल का आयात 13 साल के निचले स्तर पर

नई दिल्ली

खाद्य तेल निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएश ने बुधवार को कहा कि जनवरी में भारत का पाम ऑयल आयात सालाना आधार पर 65 प्रतिशत घटकर 2,75,241 टन रह गया, जो 13 साल का सबसे निचला स्तर है।

- इसकी वजह से खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे

इसकी वजह यह है कि खरीदार सस्ते सोयाबीन तेल की ओर रुख कर रहे हैं। तेल का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 12 लाख टन से 13 प्रतिशत घटकर 10.49 लाख टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में कहा, /"भारत में पाम ऑयल की बाजार हिस्सेदारी घट रही है और इसकी बिक्री में कमी आ रही है। इसका हिस्सा सोया ऑयल ने ले लिया है।/"

### इंडोनेशिया व मलेशिया प्रमुख आपूर्तिकर्ता

इंडोनेशिया और मलेशिया भारत के प्रमुख पाम तेल आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना, ब्राजील और रूस सोयाबीन तेल की आपूर्ति करते हैं। रूस और यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं।

***नेपाल की आवक से बाजार को नुकसान :*** *एसईए ने कहा कि नेपाल से कम कीमतों पर रिफाइंड सोयाबीन तेल और पाम ऑयल की भारी आवक होने से स्थानीय बाजार को नुकसान हो रहा है। नेपाल ने बीते साल अक्टूबर के मध्य से मध्य जनवरी, 2025 तक भारत को 1,10,000 टन खाद्य तेल का निर्यात किया है।*



### कच्चे पाम ऑयल का आयात भी घटा

पाम ऑयल उत्पादों में आरबीडी (रिफाइंड ब्लीच्ड डियोडोराइज्ड) पामोलिन का आयात एक साल पहले के 2,44,678 टन से घटकर 30,465 टन रह गया। वहीं कच्चे पाम ऑयल का आयात 5,32,877 टन से घटकर 2,40,276 टन रह गया।

***सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक***

*मलेशिया से पाम ऑयल के आयात में गिरावट आई है क्योंकि निर्यात आपूर्ति में कमी के कारण उपभोक्ता कम कीमत वाले दक्षिण अमेरिकी सोयाबीन तेल का रुख कर रहे हैं। सोयाबीन तेल का आयात दोगुने से अधिक होकर 4,44,026 टन हो गया, जो एक साल पहले 1,88,859 टन था, जबकि सूरजमुखी तेल का आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 2,88,284 टन हो गया।*

***कीमतों में 80 से 100 डॉलर प्रति टन की गिरावट***

*एसईए ने कहा कि पिछले महीने पाम ऑयल की कीमतों में 80-100 डॉलर प्रति टन की गिरावट आई है, लेकिन सोयाबीन तेल अब भी अधिक आकर्षक बना हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत के पास एक फरवरी तक 21.76 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।*

# चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई का फरमान, टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी अपने परिवार को साथ नहीं ले जा सकते। दरअसल, बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है। इसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के 3 शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को है, लिहाजा ये दौरा 3 हफ्ते से कम समय का ही है, जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की मंजूरी नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो हफ्ते के लिए जा सकता है।

पीटीआई ने बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से लिखा कि, अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है, लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा। बोर्ड की नीति में कहा गया है कि, विदेश दौरे पर 45 दिन या उससे ज्यादा समय भारत से बाहर रहने पर खिलाड़ी की पत्नी और बच्चे अधिकतम दो सप्ताह के लिए साथ रह सकते हैं। इस नीति से अलग जाने पर उन्हें कोच, कप्तान और मैनेजमेंट से मंजूरी लेनी होगी। इससे इतर अवधि के लिए खर्च भी बोर्ड नहीं उठाएगा। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 1-3 से हार के बाद ये नीति बनाई गई थी।

निजी स्टाफ जैसे मैनेजर, एजेंट और शेफ पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। निजी स्टाफ पहले टीम और कोचिंग ग्रुप के साथ रहता था। नए नियम के अनुसार, कोचिंग स्टाफ के एक सदस्य का निजी सचिव जो नियमित रूप से टीम होटल में रहता था अब अलग होटल में रहेगा। वहीं ऐसा भी माना जा रहा है कि बोर्ड कुछ खिलाड़ियों की विशेष आहार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ शेफ को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहा है।



# आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच शुभमन



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक लगाने के साथ ही एकदिवसीय मैचों में सबसे तेजी से 2,500 रन पूरे किये हैं।

शुभमन ने एकदिवसीय प्रारूप में लगातार तीसरी बार 50 रन या उससे अधिक रन बनाये हैं। इस वह ताजा आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम नंबर एक हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवीसय में 87 और 60 रनों की पारी के कारण शुभमन को एक स्थान का लाभ हुआ है। वहीं रोहित एक स्थान के नुकसान के साथ ही तीसरे नंबर पर फिसल गये हैं। वहीं भारत के ही विराट कोहली दो स्थान ऊपर आकर छठे स्थान पर आ गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 11वें से एक स्थान के लाभ के साथ ही शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। शुभमन ने इस टूर्नामेंट के 3 मैचों में 86 की औसत के साथ अब तक 259 रन बनाये हैं। ऐसे में अब उनके पास 19 फरवरी से शुरु हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर बाबर की जगह नंबर एक बनने का अवसर है।

# आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया है। है। रजत पाटीदार ने कप्तानी की दौड़ में क्रुणाल पांड्या को पीछे छोड़ा। पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की कप्तानी की थी। वहीं क्रुणाल बड़ौदा के कप्तान रहे हैं। आरसीबी की ओर से कहा गया कि कप्तान का फैसला करना आसान नहीं था। उसके पास कई योग्य उम्मीदवार थे। हालांकि अंत में विचार विमर्श के पाटीदार को टीम की कमान सौंपी थी।



टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रजत को बधाई देते हुए कहा, आप को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जिस तरह से आप आगे बढ़े हैं, आपने पूरे देश में प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके पीछे खड़े होंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह देखना कि कौन फ्रैंचाइजी को आगे ले जाएगा, आपके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मुझे भरोसा है कि आप आगे बढ़ते रहेंगे। रजत विकसित हुआ है, उसके खेल में कई स्तरों पर सुधार हुआ है। उसने राज्य की टीम का नेतृत्व किया है। उसने दिखाया है कि फ्रैंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं प्रशंसकों से उसका समर्थन करने का अनुरोध करता हूं, और जानता हूं कि वह टीम के लिए सबसे अच्छा काम करेगा। चाहे कुछ भी हो सबसे महत्वपूर्ण बात टीम और फ्रैंचाइजी है। टीम, फ्रैंचाइजी को मेरी शुभकामनाएं और सभी के साथ काम करने का इंतजार है।

वहीं मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा, तीन मुख्य बातें साझा करने लायक हैं। पहली बात आईपीएल में शांत और सादगी की जरूरत होती है। यह उनके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। दूसरी बात वह शांत हैं लेकिन अपने आस-पास के लोगों की परवाह करते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें तुरंत ही दूसरे लोगों से सम्मान और देखभाल मिलेगी, एक नेता के तौर पर लोग उनके पीछे चलेंगे। तीसरी बात उनमें एक जिद्दीपन और दृढ़ता है। आप इसे उनके खेलने के तरीके और खेल को संभालने के तरीके में देख सकते हैं।

**वहीं कप्तान बने-** वहीं आरसीबी ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया, इसमें रजत ने कहा कि ये उनके लिए बड़ा सम्मान है। पाटीदार ने बताया कि उनकी कप्तानी का तरीका थोड़ा अलग है। मैं ज्यादा शांत हूं और मुझे परिस्थिति का पता रहता है कि क्या जरूरत है और क्या नहीं। मैं ज्यादा जाहिर नहीं करता है और दबाव की स्थिति में घबराता नहीं हूं और यही मेरी ताकत है

# आज से विमेंस प्रीमियर लीग का आगाज, पांच टीमों के बीच 22 मुकाबले

**मुम्बई (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2025 का 14 फरवरी से आगाज होने जा रहा है। टूर्नामेंट की पांच टीमों के बीच कुल 22 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन का पहला मैच पिछले सीजन की विजेता टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा। बता दें कि, डब्ल्यूपीएल के अभी तक दो ही सीजन हुए हैं।

साल 2023 में शुरू हुई इस लीग का पहला सीजन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मुंबई ने जीता था तो दूसरा सीजन ड्डक्क 2024 स्मृति मंदाना की कप्तानी में आरसीबी ने जीता था। आरसीबी ने 2024 में कमाल का प्रदर्शन



किया था। अब वह 2025 के सीजन के पहले मैच में गुजरात से भिड़ेगी।

वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 में कुल 5 टीमें आपस में भिड़ेंगी। जिसके तहत सभी टीमों के बीच कुल मिलाकर 22 मैच खेले जाएंगे। का एलिमिनेटर मैच 13 मार्च को मुंबई में आयोजित होगा। वहीं इसके बाद फाइनल मैच 15 मार्च को खेला जाएगा। ये मैच भी मुंबई में ही खेला जाएगा।

पिछले साल एलिस हीली ने सबसे ज्यादा रन बनाए थे। एलिसा को ऑरेंज कैप मिली थी, उस दौरान उन्होंने 347 रन बनाए थे। तो दूसरी तरफ श्रेयंका पाटिल ने सबसे ज्यादा विकेट 13 अपने नाम किए थे। बता दें कि, 2024 का फाइनल दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के बीच खेला गया था। आरसीबी ने दिल्ली को 8 विकेट से मात दी थी।

# रोहित ने गांगुली का रिकार्ड तोड़ा

अहमदाबाद । भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय में भी इंग्लैंड को 142 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है । इसी सीरीज में जीत से चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा है । भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस सीरीज में जीत के साथ पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का एक रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित को कप्तान के तौर पर अब तक 137 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 98 मैचों में जीत मिली है । इस प्रकार वह सबसे सफल कप्तानों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पूर्व कप्तान गांगुली की कप्तानी में भारतीय टीम ने 195 मैचों में 97 मुकाबल जीते थे । भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों मे नंबर एक पर महेंद्र सिंह धोनी हैं । उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने कुल 332 मैचों में से 178 मैच जीते। दूसरे नंबर पर विराट कोहली है। विराट कोहली की कप्तानी में टीम ने 213 मैचों में से 135 मैच जीते हैं । है । इसके अलावा इस सूची में तीसरे नंबर पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का नाम है । अजहर की कप्तानी में टीम इंडिया ने 221 मैचों में से 104 मैच जीते हैं । वहीं अब रोहित ने 137 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी करते हुए 98 मुकाबलों में जीत दिलायी है ।



# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की कमी खलेगी : कपिल



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को -मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी । कपिल ने कहा कि बुमराह जैसे बड़े खिलाड़ी के नहीं होने से टीम की मुश्किलें बढ़ सतकी हैं । बुमराह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किये गये हैं । कपिल ने कहा कि बुमराह ने पिछले 2 साल में अपने अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम को काफी लाभ पहुंचाया है । मुझे नहीं लगता कि इस बीच दुनिया के किसी अन्य तेज गेंदबाज ने उनसे बहतर प्रदर्शन किया है । उन्होंने कहा कि बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले, जहीर खान जैसे मैच विजेता खिलाड़ियों का चोटिल हो जाना किसी भी टीम के लिए परेशानी का कारण बन सकत है । मैं उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद करता हूं । वहीं कपिल ने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुने जाने को सही बताया है । उन्होंने कहा कि उसके पास योग्यता है और वह अच्छा प्रदर्शन कर रहा है । जब भी वरुण जैसे कोई गेंदबाज टीम से जुड़ता है तो टीम पर उसका प्रभाव होता है । उसके लिए सबसे अहम बात यह रहेगी कि विरोधी टीम के बल्लेबाज उसकी गेंद को समझने और उन्हें खेलने में कितना समय लगाते हैं । कपिल ने कहा कि पिछले एक या दो साल में उसने जबरदस्त प्रदर्शन किया है वह शानदार है । कपिल ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए मजबूर करना सही नहीं था । साथ ही कहा कि अगर ये दोनो रन बना रहे तो इन्हें कभी भी एक दशक बाद रणजी खेलने को नहीं कहा जाता ।

# हम चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम है : शांतो

दुबई । बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है । मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैंदान में उतरेंगी । शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है । शांतो ने कहा, 'हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है ।' उन्होंने कहा, 'हर कोई वास्तव में (चैंपियन बनना) चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है । हमें नहीं पता कि ऊपर वाले ने हमारे भाग्य में क्या लिखा है । हम कड़ी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे । मुझे भरोसा है कि हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं ।' उन्होंने कहा, 'मैं टीम में शामिल 15 खिलाड़ियों से बेहद आश्वस्त हूं । और कोई भी खिलाड़ी अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखता है । उन्होंने कहा कि हमारे पास बेहतरीन तेज और स्पिन गेंदबाज है । हमारे पास एक संतुलित टीम है । अगर हर कोई अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाए, तो हम किसी भी टीम को कभी भी हरा सकते हैं ।' उल्लेखनीय है कि बंगलादेश चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए में है और वह 20 फरवरी को दुबई में भारत से भिड़ेगा, उसके बाद 24 फरवरी को रावलपिंडी में न्यूजीलैंड तथा 27 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा ।



# चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर यशस्वी जयसवाल ने लिया बड़ा फैसला

**खेल डैस्क ।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई विदर्भ के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है। टीम के लिए अच्छी खबर है कि इस मुकाबले के लिए यशस्वी जयसवाल ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। उक्त मुकाबला 17 फरवरी से होना है। जयसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में नहीं चुना गया इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। बता दें कि गत चैंपियन मुंबई ने कोलकाता में रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 152 रनों से हराकर सेमीफाइनल में विदर्भ से मुकाबला तय कर लिया है।

जयसवाल हरियाणा के खिलाफ मैच के लिए मुंबई टीम का हिस्सा नहीं थे और उम्मीद थी कि वह सेमीफाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें मूल रूप से 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम में नामित किया गया था। इसके बाद एक और बदलाव हुआ और



जयसवाल को टूरिंग पार्टी से बाहर कर दिया गया। वह नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नामित हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सचिव अभय हडप का कहना है कि जायसवाल ने पुष्टि की है कि वह विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए उपलब्ध हैं। मैंने चयनकर्ताओं को इसके बारे में सूचित कर दिया है।

आईपीएल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा, जयसवाल विदर्भ बनाम मैच के लिए मुंबई क्रिकेट टीम के साथ नागपुर जाएंगे। 23 वर्षीय जयसवाल पिछले साल शानदार फॉर्म में थे और टेस्ट में भारत के शीर्ष रन-स्कोरर थे, उन्होंने 54.74 की औसत और लगभग 70 की स्ट्राइक रेट से 1478 रन बनाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की 2024 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में नामित जयसवाल ने साल 2024 में लाल गेंद क्रिकेट में 36 छक्के लगाए जोकि एक कैलेंडर वर्ष में प्रारूप में सबसे अधिक छक्कों का एक नया विश्व रिकॉर्ड है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेलने के बाद जयसवाल ने हाल ही में अपना वनडे डेब्यू भी किया था।

# प्रशंसकों को विराट के चैम्पियंस ट्रॉफी से फार्म हासिल करने की उम्मीद

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं । । अब प्रशंसकों को उम्मीद है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से वह अपना खोया फार्म हासिल कर सकते हैं । इसका कारण है कि विराट आईसीसी टूर्नामेंटों में हमेशा सफल रहे हैं और उन्होंने जमकर रन बनाये हैं । इसमें 2023 एकदिवसीय विश्वकप हो या 2024 टी20 विश्व कप सभी में उनका बल्ला जमकर चला । विराट ने 2008 में एकदिवसीय और 2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया । इसके बाद 2019 तक वह जमकर रन बनाते रहे। केवल 2020 में पहली बार उनका औसत 40 से कम हुआ। वहीं 2020 में कोहली 3 टेस्ट मैच में 19.33 के औसत से सिर्फ 74 रन बना सके। विराट ने इसके बाद 2021 में 28.21 के औसत से 536 रन बनाये। वहीं साल 2022 में 265 रन निकले। इसके बाद 2023 में कोहली ने वापसी करते हुए 55.91 के औसत से 671 रन बनाये पर इस साल की शुरुआत से ही वह लगातार विफल होते रहे हैं । इस साल वे 24.52 के औसत से सिर्फ 417 रन बना पाते हैं । इसमें अगर एक शतक को हटा दें तो उनका आंकड़ा और भी खराब नजर आयेगा । कोहली ने एकदिवीसय मैचों में 2020 और 2021 में 40 से अधिक की औसत से रन बनाए । लेकिन 2022 का साल एकदिवसीय में भी कोहली के लिए बुरा साबित हुआ । इस साल वे 11 एकदिवसीय में 27.45 .के औसत से सिर्फ 302 रन बना पाते हैं। विराट 2023 में अच्छी वापसी करते हुए टेस्ट और एकदिवसीय में भी जमकर रन बनाते हैं । इसी साल उन्होंने विश्व कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया था । कोहली ने 2023 में 27 एकदिवसीय मैचों में 72.47 की औसत से 1377 रन बनाए । उन्होंने पिछले साल टी20 विश्वकप के फाइनल में भी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी ।



# चैम्पियंस ट्रॉफी : सरफराज ने सेमीफाइनलिस्ट्स की भविष्यवाणी की, अफगानिस्तान भी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम के पास घरेलू दर्शकों के सामने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खिताब बचाने का 'अच्छा मौका' है। इसी के साथ ही उन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्यवाणी की है जिसमें अफगानिस्तान भी शामिल है। सरफराज की अगुआई में पाकिस्तान ने 2017 में ओवल में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को 180 रनों से हराकर पहली बार खिताब जीता था।

अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि बाबर आजम और फखर जमान सहित खिताब जीतने वाली टीम के खिलाड़ी आठ टीमों की प्रतियोगिता में उनकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आईसीसी ने सरफराज के हवाले से कहा, 'पाकिस्तान के पास खिताब बचाने का अच्छा मौका है और मुझे लगता है कि उनके पास एक मजबूत टीम है। 2017 के कुछ खिलाड़ी अभी भी टीम में हैं और हम कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहे हैं - खासकर बाबर आजम।'

उन्होंने कहा, 'वह 2017 में खेलने वाले बाबर से अलग है, वह अधिक परिपक्व खिलाड़ी है और खेल में एक प्रभावशाली खिलाड़ी है। उसकी बल्लेबाजी पाकिस्तान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी और फखर जमान की भी। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ शानदार गेंदबाज हैं और अच्छा खेल रहे हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान भी विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जो 2017 में मेरे लिए काफी कारगर साबित हुआ था।'

सरफराज ने यह भी माना कि पाकिस्तान पर घरेलू प्रशंसकों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने का अतिरिक्त दबाव होगा। पाकिस्तान घरेलू मैदान पर है, गत विजेता है, इसलिए उससे बहुत उम्मीदें होंगी, लेकिन प्रशंसक उनका साथ देंगे। यह एक मजबूत क्षेत्र है, बेशक, हर टीम इसे जीत सकती है। मुझे लगता है कि अफगानिस्तान के पास वास्तव में एक मजबूत टीम है, ऑस्ट्रेलिया और भारत भी।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, 'उनके स्पिन विकल्प बहुत अच्छे हैं और इन परिस्थितियों में सफल होने के लिए आपको



इसकी आवश्यकता होगी।' सरफराज ने सेमीफाइनल के लिए पाकिस्तान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को अपना पसंदीदा बताया। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे चार सेमीफाइनलिस्ट चुनने हों, तो मैं इस समय पाकिस्तान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को चुनूंगा, लेकिन मैं किसी को भी बाहर नहीं करूंगा।'

# गेल ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को प्रबल दावेदार बताया

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल ने कहा है कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार है । गेल ने कहा कह उन्होंने भारतीय टीम का समर्थन इसीलिए किया है क्योंकि उसके पास अच्छी टीम है । इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि भारत के पास हमेशा एक अच्छी टीम होती है, चाहे वे कोई भी टीम चुनें । इसलिये उनकी जीत की संभावना ज्यादा होती है। गेल को लीजेंड्स लीग क्रिकेट टेन (एलएलसी10) टूर्नामेंट में बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स टीम का संरक्षक नामित किया गया था । इसमें भारत भर के खिलाड़ियों के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की 12 टीमें टेनिस बॉल टेन ओवर टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। गेल ने कहा कि एलएलसी10 जैसे सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट एक अच्छा कदम है क्योंकि वे नए टूर्नामेंट लाने में मदद करेंगे। हम सभी ने स्थानीय स्ट्रीट सॉफ्ट बॉल क्रिकेट खेला है और अपना करियर शुरू किया है । गेल ने कहा कि खिलाड़ियों को मेरी सलाह है कि उन्हें क्रिकेट को एक खेल के रूप में गंभीरता से खेलना चाहिए जो बाद में आजीविका बन सकता है । वहीं गेल ने पिछले साल भारत दौरे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मुलाकात को भी याद किया। गेल पिछले साल जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस की भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनके आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे । गेल ने कहा कि उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा । मैं लगातार भारत आता रहा हूं और अपने इसी दौरानप प्रधानमंत्री के साथ मिलने का मौका मिलना शानदार था । गेल ने इस मुलाकात के क्षणों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया था ।



# गंभीर ने हर्षित-अर्शदीप से कहा- चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह की अनुपस्थिति सुनहरा अवसर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति टीम की आगामी तेज गेंदबाज जोड़ी के लिए एक सुनहरा अवसर हो सकता है। भारत द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ अपने घरेलू वनडे मैच को 3-0 से जीतने के बाद गंभीर ने सुझाव दिया कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह की अनुपस्थिति हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह के लिए खुद का नाम बनाने का अवसर हो सकता है।

गंभीर ने कहा, 'हर्षित ने कुछ अच्छे संकेत दिए हैं, अर्श (दीप) ने भी आज अच्छा प्रदर्शन किया। जाहिर है कि आपको जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज की कमी हमेशा खलेगी। लेकिन मोहम्मद शमी का अपनी गुणवत्ता के साथ वापस आना अच्छा है।'

भारत के गेंदबाजी के मुख्य खिलाड़ी बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी टीम का हिस्सा थे, लेकिन पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण करने वाले हर्षित को मूल रूप से वनडे सीरीज में रिजर्व गेंदबाज के रूप में शामिल किया गया था। उन्होंने अपने तीन मैचों में 24.33 की औसत से छह विकेट लिए और टीम प्रबंधन को इतना प्रभावित किया कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह के प्रतिस्थापन के रूप में चुना गया।

इस बीच अर्शदीप तीसरे वनडे में शामिल हुए और अपनी नई गेंद से अच्छी लय में दिखे। उन्होंने अपने नौवें वनडे में फिल साल्ट और बेन डकेट को आउट किया। गंभीर को लगता है कि यह जोड़ी, जो अभी भी इस प्रारूप में अनुभवहीन है, वैश्विक आयोजन के दौरान शमी के लिए एक बेहतरीन सहायक भूमिका निभा सकती है।

गंभीर ने कहा, 'हर्षित या अर्शदीप जैसे किसी खिलाड़ी को चैंपियंस ट्रॉफी में मोहम्मद शमी के साथ अपना हाथ आजमाना होगा। किसी के न खेलने से किसी और के लिए बढ़िया अवसर हो सकता है। खेल इसी तरह चलता है और उम्मीद है कि ये खिलाड़ी अपना हाथ आजमाएंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

**चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।



# वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश लोकसभा में भी हंगामा, सदन 10 मार्च तक स्थगित

अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी को इस रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं है. जेपीसी रिपोर्ट पर विपक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गुरुवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी पेश की गयी. बिल पेश होते ही लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया. इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर लिया. हंगामे के बीच ही जेपीसी चेयरमैन जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट सदन में पेश की. विपक्ष के हंगामे पर अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी को इस रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं है. जेपीसी रिपोर्ट पर विपक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराये. हालांकि विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया. इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित कर दी गयी.



**बजट सत्र का दूसरा सत्र 10 मार्च से शुरू होगा**

बजट सत्र का दूसरा सत्र 10 मार्च से शुरू होगा. दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने से पहले जगदंबिका पाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की. इससे पहले 11 बजे वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष ने लोकसभा में हंगामा शुरू कर दिया था. इस कारण लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद अध्यक्ष ओम बिडला ने दोपहर दो बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दी थी. वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट के खिलाफ विपक्ष नारे लगाता नजर आया. इससे पहले राज्यसभा में भी यह रिपोर्ट पेश हुई. इस पर वहां भी खूब हंगामा हुआ.

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने वक्फ बिल रिपोर्ट को बताया फर्जी



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को वक्फ पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से रिपोर्ट जेपीसी को लौटाने का भी आग्रह किया। खड़गे ने कहा कि हम ऐसी फर्जी रिपोर्ट को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीसी में विपक्षी सदस्यों के असहमति नोट को हटा दिया गया है। आरोपों पर ट्रेजरी बेंच ने भारी आपत्ति जताई। राज्यसभा में बोलते हुए खड़गे ने मांग की कि रिपोर्ट को वापस भेजा जाए और सभी असहमतिपूर्ण राय को शामिल करने के बाद ही इसे दोबारा पेश किया जाए। खड़गे ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति रिपोर्ट है। उन नोट्स को हटाना और हमारे विचारों पर बुलडोजर चलाना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। मैं असहमति रिपोर्ट को हटाकर पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्ट को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो इसे वापस भेजा जाना चाहिए और फिर से पेश किया जाना चाहिए।

**मुस्लिमों से वक्फ को छीनने के लिए लाया गया बिल : ओवैसी**

एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन बिल असंवैधानिक है. ये वक्फ को बचाने के लिए नहीं, बल्कि मुस्लिमों से वक्फ को छीनने के लिए ये विधेयक लाया जा रहा है..वक्फ को बर्बाद करने के लिए लाया जा रहा है. हम इसकी आलोचना करते हैं.

**विपक्षी सांसदों की बात माना जाना जरूरी नहीं : रविशंकर प्रसाद**

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, विपक्ष के लोगों को मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आप अपनी बात रख सकते हैं, लेकिन आपकी बात मानी ही जाये, ये जरूरी नहीं है. अगर आपको अपनी बात मनवानी है तो जनता से वोट लेकर बहुमत में आयें. सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि कई जगह वक्फ की जमीन पर मॉल और बाजार बने हुए हैं।

# पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन को भारत ने किया खारिज, दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान सीमा पर किसी भी तरह के संघर्ष विराम उल्लंघन से इनकार किया है। बॉर्डर पर दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है। सेना का यह बयान उस समय आया है, जब बुधवार शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी सेना की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने की जानकारी मिली। खबरों में बताया गया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय पक्ष में किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।



सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच सहमति के अनुसार इसका पालन किया जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण तनाव को स्थापित तंत्र के माध्यम से निपटाया जा रहा है। भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है। दरअसल, जम्मू जिले की नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को अखनूर सेक्टर में दोपहर करीब 3.50 बजे भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट हुआ था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट में कहा कि अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ के पास गश्त के दौरान संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में दो जवान शहीद हो गए। बलिदान हुए जवानों में एक जम्मू संभाग के सांबा जिले के कमिला गांव निवासी नायक मुकेश और दूसरे झारखंड निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी थे, जिनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांवों को भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरे इलाके में घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पिछले कुछ दिनों से पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की ओर से घुसपैठ की कोशिशें की जा रही हैं, जिसे सुरक्षाबल लगातार नाकाम बना रहे हैं।

# एनएच पर टोल टैक्स चुकाने में लोगों को एआई की मदद से मिलेगी राहत! गडकरी ने दी जानकारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके गुजरने वाले वाहनों की संख्या और वर्गीकरण की स्वतंत्र रूप से निगरानी करने के लिए उच्च मूल्य वाले टोल प्लाजा पर ऑडिट कैमरे लगाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में अतरैला शिव गुलाम शुल्क प्लाजा की एक घटना की ओर भी इशारा किया, जहां पूरी नकदी एकत्र की गई थी, जिसका कुछ हिस्सा एक अनधिकृत हैंडहेल्ड मशीन के माध्यम से संसाधित किया गया था।



इस घटना से सीखते हुए, एनएचएआई का लक्ष्य अमान्य/गैर फास्टैग वाहनों से नकदी संग्रह प्रक्रिया को मजबूत करना है और टोल प्लाजा पर रसीदों के साथ मिलान करने के लिए शुल्क प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की गिनती पर सख्ती से निगरानी करने के लिए अतिरिक्त निगरानी पर विचार किया जा रहा है। गडकरी राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह से संबंधित धोखाधड़ी से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर द्रमुक सांसद दयानिधि मारन के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

बाधा रहित टोल संग्रह प्रणाली बनाने के पायलट कार्यक्रम के तहत, मंत्री ने कहा कि एनएचएआई ने घरौंदा, चोरयासी, नेमिली, यूईआर (शहरी विस्तार रोड) -II और द्वारका एक्सप्रेसवे में पांच टोल प्लाजा पर फास्टैग और स्वचालित नंबर प्लेट मान्यता (एएनपीआर) आधारित टोल संग्रह के कार्यान्वयन के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। यह प्रणाली विशेष रूप से फास्ट-टैग के माध्यम से उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह को सक्षम बनाती है। अमान्य/गैर-फास्टैग वाहनों के लिए ई-नोटिस प्रस्तावित हैं, जिससे टोल संग्रह प्रक्रिया से नकद संग्रह समाप्त हो जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में सालाना 3500 करोड़ रुपये की दवाओं की खपत

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर में हर शख्स सेल्फ-मेडिकेशन एक्सपर्ट लगता है. अगर आप लोगों से भरे कमरे में यह कहें कि मुझे बहुत तेज सिरदर्द है. मैं कल रात सो नहीं पाया. तो उम्मीद है कि यह सुनते ही उनमें से तीन या चार लोग तुरंत आपको अलग-अलग दवाएं सुझाने लग जाएं. अगर एक सेल्फ एक्सपर्ट आपको कोई गोली सुझाता है, तो दूसरा तुरंत उसे यह कहते हुए खारिज कर देगा, नहीं, नहीं, आपको वह नहीं लेनी चाहिए. मैं आपको एक बेहतर दवा बताता हूं. इसके बजाय यह लें- इससे दर्द जल्दी कम होगा. हम सभी ऐसे अनगिनत लोगों को जानते हैं, जो सुबह से रात तक दवा पर निर्भर रहते हैं. मुट्ठीभर गोलियां खाने के बाद ही उन्हें आराम मिलता है. ज्यादा दवा के नकारात्मक प्रभावों से अनजान, हममें से अधिकांश लोगों के घरों में हर साइज की नीली, पीली, पतली, मोटी गोलियां रखी होती हैं, जैसे कि हम मिनी मेडिकल स्टोर चला रहे हों.



**जम्मू कश्मीर में दवाओं कि कितनी खपत होती है?**

ऐसे में खुद से दवा लेने और डॉक्टरों द्वारा दवाइयों के अत्यधिक नुस्खे के कारण जम्मू-कश्मीर फार्मास्यूटिकल्स का एक बड़ा बाजार बन गया है. अनुमान के मुताबिक इस क्षेत्र में हर शख्स औसतन सालाना 2,000 रुपये की दवाइयां कंज्यूम करता है. आंकड़े बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर में दवाओं की कुल खपत लगभग 3,500 करोड़ रुपये है. इस आंकड़े में शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सौरा और उससे एसोसिएट अस्पतालों द्वारा स्वतंत्र रूप से खरीदी गई दवाएं भी शामिल हैं.

**दवाइयों की बिक्री में बढ़ोतरी**

एक्सपर्ट का सुझाव है कि डायबिटीज और ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न बीमारियों के लिए सेल्फ-मेडिकेशन की बढ़ती प्रवृत्ति ने इस क्षेत्र में दवाइयों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि की है. जम्मू कश्मीर में दवा व्यापार की देखरेख करने वाले ड्रग एंड फूड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि न केवल पुरानी बीमारियों वाले मरीज बल्कि आम लोग भी सेल्फ-मेडिकेशन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं. इसको देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि जम्मू कश्मीर में प्रत्येक व्यक्ति सालाना 2,000 रुपये से अधिक की दवाइयों का सेवन करता है.

## अरविंद केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे

**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और अन्य शिव सेना (यूबीटी) नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि शिव सेना यूबीटी यहां उन्हें यह बताने आई थी कि सरकारें आती-जाती रहती हैं लेकिन हमारा रिश्ता बना रहेगा। दिल्ली की जनता जानती है कि उन्होंने पिछले 10 साल में क्या काम किया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव (दिल्ली में) में चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका थी। चाहे वह इंडिया गठबंधन हो या सभी विपक्षी दल, हमें यह सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा क्योंकि हमारे लोकतंत्र में चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हैं। ठाकरे ने कहा कि मतदाताओं के नाम हटाने के मुद्दे पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। हम इन मुद्दों पर व्यक्तिगत रूप से और टेलीफोन कॉल दोनों पर बात करते हैं। जो लोग फोन टैप कर रहे हैं उन्हें ये बात पता होनी चाहिए। इससे पहले इंडिया गठबंधन को लेकर आदित्य ठाकरे ने कहा था कि आज आपके देश का भविष्य संदेह में है। आज देश में मतदाता धोखाधड़ी और ईवीएम धोखाधड़ी के बीच हमें नहीं पता कि हमारा वोट कहां जा रहा है। क्या आज हमारे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव हो रहे हैं? हमें लगता है कि हम लोकतंत्र में रह रहे हैं, लेकिन अब यह लोकतंत्र नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जो हमारे और केजरीवाल जी और कांग्रेस के साथ हुआ, वही भविष्य में नीतीश जी, राजद और चंद्रबाबू जी नायडू के साथ भी हो सकता है।

## आतिशी का दावा, आप सरकार के जाते ही चरमराया पावर सेक्टर, तीन दिन में ही लोगों को हुआ गलती का अहसास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद कार्यवाहक सीएम आतिशी ने गुरुवार को बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर लंबे समय से बिजली कटौती का सामना कर रहा है। कार्यवाहक सीएम ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार के सत्ता में आते ही दिल्ली में लंबी बिजली कटौती होने लगी। बीजेपी कार्यकताओं ने सोशल मीडिया पर भी बिजली कटौती की कई शिकायतें कीं। आतिशी ने आगे आरोप लगाया कि दिल्ली में बीजेपी सरकार आते ही बिजली व्यवस्था बर्बाद हो गई है। बिजली कटौती से परेशान लोग इनवर्टर खरीदने लगे हैं।

आतिशी ने दावा किया कि अब वे स्वीकार कर रहे हैं कि इस बार चुनाव में उनसे गलती हुई और वे भाजपा सरकार को सत्ता में ले आये। उन्होंने कहा कि आप की सरकार में जहाँ पिछले 10 सालों में लोगों को 24X7 बिजली मिली वही अब दिल्ली के लोग इन्वर्टर खरीदने को मजबूर है। अभी फरवरी के महीने में ही बिजली का ये हाल है तो गर्मियों में पीक डिमांड के समय क्या होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक पढ़ी-लिखी सरकार बनाम फर्जी डिग्री वाली सरकार के बीच फर्क.मात्र 3 दिन में दिखने लगा है। आप ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भाजपा के भीतर अंदरूनी कलह लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि चुनाव नतीजे आए कई दिन बीत चुके हैं, फिर भी भाजपा दिल्ली के लिए मुख्यमंत्री नियुक्त करने में विफल रही है, जिसके कारण पूरे शहर में लंबे समय तक बिजली कटौती होती रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्यमंत्री को अंतिम रूप देने में भाजपा की देरी पार्टी के भीतर गुटबाजी का स्पष्ट संकेत है।



# संक्षिप्त खबर

## वक्फ पर जेपीसी की पूरी रिपोर्ट पेश की गई, विपक्ष की आपत्तियां गलत : किरेन रिजिजू



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में पेश की गई वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में विपक्ष की आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के तहत पूरी रिपोर्ट को पेश किया गया है। केवल समिति और अध्यक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों को अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग कर हटाया है। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि आज वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित रिपोर्ट को दोनों सदनों में पेश किया जाना था। आज पहले इसे राज्यसभा में पेश किया गया। विपक्ष ने इस पर आपत्ति जताई कि इसमें उनकी आपत्तियों को शामिल नहीं किया गया है। विपक्ष का आरोप गलत है। उन्होंने राज्यसभा में भी इसकी जानकारी दी और बताया कि रिपोर्ट में सभी के पक्ष शामिल किए गए हैं। अगर समिति या अध्यक्ष के बारे में कोई आक्षेप लगाया जाता है तो अध्यक्ष के पास उसको हटाने का अधिकार है और उन्होंने इसका उपयोग करके कुछ टिप्पणियों को हटाया होगा। समिति के सदस्य उसपर भी अपील कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट राजग की रिपोर्ट नहीं है बल्कि यह संसद की रिपोर्ट है और इसे अवैध या असंवैधानिक बताना पूरी तरह से गलत है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष ने गुरुवार को राज्यसभा में पेश वक्फ संबंधी रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए हंगामा किया। विपक्ष का कहना है कि वक्फ विधेयक में कई विपक्षी सांसदों की आपत्ति संबंधी नोट को शामिल नहीं किया गया। यह विपक्ष की आवाज का सेंसरशिप है।

## अमेरिकी नौसेना का जेट दुर्घटनाग्रस्त होकर सैन डिएगो बंदरगाह में गिरा



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी नौसेना का एक जेट बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर सैन डिएगो बंदरगाह में गिर गया। जेट के दोनों पायलट को बचा लिया गया है। लॉस एंजिल्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर में नौसेना अधिकारियों के हवाले से जेट (ई/ए-18जी ग्रोलर) हादसे की पुष्टि की गई। नौसेना अधिकारियों के अनुसार, दोनों पायलट को पानी से सुरक्षित निकालकर सबसे पहले अमेरिकी सीमा शुल्क और सुरक्षा नाव में स्थानांतरित किया गया। इसके बाद दोनों को यूसी सैन डिएगो हेल्थ के हिलक्रेस्ट मेडिकल सेंटर ले जाया गया। वहां दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। आपातकालीन कर्मचारियों के अनुसार यह हादसा शेल्टर आइलैंड ड्राइव के 1500 ब्लॉक में सुबह करीब 10 बजे हुआ। सैन डिएगो अग्निशमन-बचाव विभाग के कर्मचारी 10 मिनट से भी कम समय में वहां पहुंच गए। नौसेना ने कहा कि शाम तक जेट पानी में डूबा हुआ था। ईंधन और मलबे के प्रसार को कम करने के लिए एक रोकथाम बूम लगाया गया। नौसेना बेस कोरोनाडो ने आपातकालीन संचालन केंद्र स्थापित कर जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल ने बिजली आयात निर्बाध करने का भारत से किया आग्रह



**काठमांडू।** नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर नेपाल में बिजली आयात की व्यवस्था को निर्बाध करने का आग्रह किया है। भारत ऊर्जा सप्ताह (11-14 फरवरी) सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे ऊर्जा मंत्री खड़का ने अपने भारतीय समकक्ष मनोहर लाल से भारत द्वारा किए जा रहे 1000 मेगावाट बिजली के निर्यात को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है। इस मुलाकात के बारे में ऊर्जा मंत्री खड़का ने बताया कि दिसंबर से मार्च तक सर्दी के मौसम के कारण नेपाल में बिजली का उत्पादन कम होता है। इसके कारण इन चार महीनों में भारत से बिजली का आयात किया जाता है। इस समय भारत की तरफ से भेजे जा रहे एक हजार मेगावाट बिजली को पिक आवर में भी निर्बाध रूप से चालू रखने का आग्रह किया गया है। खड़का ने बताया कि भारतीय ऊर्जा मंत्री के साथ हाल ही में ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के लिए दोनों देशों के बीच जो सहमति बनी है उसके लिए भी नेपाल सरकार की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही इस सहमति के आधार पर दोनों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

## बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की मांग ने जोर पकड़ा



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। आज गाजीपुर में पूर्वमंत्री काशिम खान की नमाज-ए-जनाजा में शामिल छात्र नेताओं ने अंतरिम सरकार से 24 घंटे के भीतर अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। हमले में घायल काशिम खान का कल ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी नमाज-ए-जनाजा आज सुबह करीब 11:35 बजे गाजीपुर के राजबाड़ी मैदान में हुई। नमाज-ए-जनाजा से पहले छात्र अधिकार परिषद के जिला महासचिव फरीदुज्जमान जाहिद ने कहा कि 24 घंटे के भीतर अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के महासचिव नासिर ने काशिम को बांग्लादेश में क्रांति के बाद पहला शहीद बताया। उन्होंने कहा कि हमले में घायल अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय मजलिस-ए-शूरा सदस्य हुसैन अली ने आरोप लगाया कि हमले के आरोप में गिरफ्तार लोगों के साथ नरम व्यवहार किया जा रहा है।

# पीएम मोदी की ट्रंप और तुलसी से मुलाकात से तहव्वुर राणा को भारत लाना हो सकता है आसान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका में अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड से मुलाकात के कुछ घंटों बाद भारत में सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि यह बातचीत 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के भारत के प्रयास को और तेज करेगी. भारतीय जांच एजेंसियां राणा के भारत प्रत्यर्पण पर नव निर्वाचित अमेरिकी सरकार से जल्द अनुकूल निर्णय की उम्मीद कर रही हैं. प्रसिद्ध सुरक्षा विशेषज्ञ और सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक प्रकाश सिंह ने कहा, 'हम उम्मीद कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड के साथ बैठक निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में तेजी लाएगी.'



सिंह ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी (मोदी की) बैठक के दौरान प्रधानमंत्री निश्चित रूप से भारत-अमेरिका संबंधों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे. सिंह ने कहा, 'इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे.'

गौरतलब है कि व्हाइट हाउस में पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ट्रंप सरकार ने भारत से सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पारित किया. इस प्रक्रिया के तहत हाल ही में अमेरिका से 104 भारतीय नागरिक वापस आए. इस मुद्दे पर पूरे देश में व्यापक प्रतिक्रिया हुई. पीएम मोदी ने गुरुवार सुबह वाशिंगटन डीसी पहुंचने के तुरंत बाद अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड से मुलाकात की और फिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से द्विपक्षीय बैठक करेंगे. पीएम मोदी टेक अरबपति एलन मस्क से भी मुलाकात करेंगे. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को 63 वर्षीय राणा की प्रत्यर्पण के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी. बाद में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह वर्तमान में तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के संबंध में अगले कदमों का मूल्यांकन कर रहा है. अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 'हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर और लागू अमेरिकी कानून के अनुरूप, विदेश विभाग इस मामले में अगले कदमों का मूल्यांकन कर रहा है. हमने मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों को न्याय का सामना कराने के लिए भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन किया है.'


# रूस से लौटे मार्क फोगेल ने की राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात, जेल से छुड़ाने के लिए जताया आभार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** रूस में जेल से रिहाई के बाद अमेरिका लौटे शिक्षक मार्क फोगेल अपने घर पहुंच गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर मार्क बेहद खुश हैं। उनके परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों, शुभचिंतकों और खुद मार्क फोगेल ने इसके लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके राजनयिकों का आभार जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास द व्हाइट हाउस की वेबसाइट के न्यूज सेक्शन में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप मार्क फोगेल को घर ले आए शीर्षक से जारी खबर में खुशी जताते हुए लिखा गया है कि वर्षों तक रूसी जेल में गलत तरीके से हिरासत में रहे अमेरिकी नागरिक मार्क फोगेल आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के रिहाई के लिए किए गए अथक प्रयासों के कारण घर आ गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोगेल की 95 वर्षीय मां माल्फिन से किए गए वादे को पूरा किया है।




अपने घर पहुंचे मार्क फोगेल ने प्रतिक्रिया दी है, राष्ट्रपति ट्रंप नायक हैं। मैं हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप और स्टीव विटकॉफ का ऋणी रहूंगा। राष्ट्रपति ट्रंप गतिशील व्यक्ति हैं। जब मैं उनसे मिला तो उनके शरीर से ऊर्जा झलक रही थी। उनमें बहुत कुछ कर सकने की भावना है। व्हाइट हाउस के अनुसार, मार्क की रिहाई पर उनके परिवार, अधिकारियों और सांसदों के द्विदलीय समूह ने खुशी जताते हुए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की है। फोगेल परिवार ने कहा, हम राष्ट्रपति के बहुत आभारी हैं। मार्क फोगेल को घर में पाकर अभिभूत हैं। परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया है। परिवार ने कहा है कि अब मार्क फोगेल स्वतंत्र हैं। हमारे जीवन का सबसे अंधकारमय वक्त खत्म हो गया। मार्क की मांग मैल्फिन फोगेल ने कहा है कि वह डोनाल्ड ट्रंप को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हैं।



# अनुपम ने बिजनेसमैन को पढ़ाया अभिनय का पाठ...

**मुंबई।** अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करने वाले अभिनेता अनुपम खेर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके पास न केवल अभिनय की कला है, बल्कि दूसरों में भी इस कला को उभारने का अद्भुत हुनर है। हाल ही में अभिनेता ने व्यवसायी रितेश अग्रवाल को अभिनय का एक छोटा सा पाठ पढ़ाया। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह रितेश अग्रवाल को अभिनय के लिए कुछ लाइनें देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अनुपम ने रितेश को अभिनय के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें भी बताईं। कुल मिलाकर ग्यारह प्रयासों के बाद रितेश ने इस सीन को इतने शानदार तरीके से निभाया कि अनुपम भी उनके अभिनय से प्रभावित हो गए।

लाइफ Style



# श्रीलीला

## अनुराग की फिल्म में आएंगी नजर

अभिनेत्री श्रीलीला अब अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी, जिसमें पहले तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में थीं। श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं।

अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम 'आशिकी 3' बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम 'आशिकी 3' नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक ऐलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी।

हॉलीवुड मसाला



# वर्षों पुरानी है स्विफ्ट से रंजिश

लॉस एंजिल्स। कान्ये और स्विफ्ट के बीच की दुश्मनी 2009 से शुरू हुई थी। उस समय रैपर ने अचानक स्विफ्ट के माइक्रोफोन को छीन लिया था जब वह एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स में अपने हिट सॉन्ग 'यू बिलॉन्ग विद मी' के लिए 'बेस्ट फीमेल वीडियो' अवॉर्ड ले रही थीं। उस समय कान्ये ने कहा था कि वह स्विफ्ट के लिए खुश हैं, लेकिन वह पूरी तरह से बियॉन्से के पक्ष में हैं, क्योंकि उनके पास सबसे बेहतरीन वीडियो थे। हमेशा विवादों में रहने वाले कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है।



# क्या बियांका पर होगा कानूनी एक्शन?

लॉस एंजिल्स। हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवार्ड्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा। सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है। इस कारण बियांका के ऊपर यहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।



# रणबीर को नॉनसेंस बिल्कुल पसंद नहीं


**मुंबई।** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान ही रश्मिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया, इसके बाद भी वे फिल्म प्रमोशन में दिखाई दे रही हैं। रश्मिका ने रणबीर कपूर, अल्लू अर्जुन और विक्की कौशल को लेकर अपनी राय दी है। रश्मिका ने कहा, उन्होंने कई सारे शानदार सितारों के साथ काम किया है। तीनों ही अभिनेता बेहद शानदार अभिनय करते हैं, साथ ही बहुत अच्छे इंसान भी हैं। रश्मिका ने अल्लू अर्जुन को लेकर कहा कि उनके साथ वाइब भी मैच होती है। वे बहुत एनर्जी के साथ काम करते हैं। रश्मिका ने कहा, रणबीर के साथ काम अच्छा होता है। हम दोनों को ही नॉनसेंस चीजें नहीं पसंद हैं।



# 'आश्रम-3' के दूसरे पार्ट का टीजर रिलीज

**मुंबई।** साल 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉबी देओल ने 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर शेयर करते हुए अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भक्तों का इंतजार होगा खत्म, जल्द ही। 'एक बदनाम आश्रम' के तीसरे सीजन का दूसरा पार्ट अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होगा। सामने आए टीजर में पम्मी, बाबा निराला से बदला लेती नजर आ रही है। वह इस खेल में बाबा निराला को बहलाने और भोपा को बाबा निराला से अलग करने की कोशिश करती है। टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के भक्तों की भीड़ दिखाई जाती है। फिर पम्मी की झलक देखने को मिलती है जिसमें पम्मी दुल्हन के लहंगे में मुस्कुराते नजर आती है। इसके बाद पम्मी, बाबा निराला और भोपा की जोड़ी को तोड़ने की कोशिश करती है।

टीवी मसाला




# हिना के लिए बारात लेकर पहुंचे बॉयफ्रेंड रॉकी..?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हिना खान और रॉकी जैसवाल की शादी जैसा दिखने वाला एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने फैंस को कन्फ्यूज कर दिया। इस वीडियो में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली को बाराती बन डांस करते देखा जा सकता है। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई कुछ और है।

# अपने प्यार के लिए हर हद को किया पार मोहब्बत का दूसरा नाम बनीं ये नायिकाएं

*नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक है तो प्यार-मोहब्बत की बातें होंगी। हम भी आपको बड़े पर्दे की ऐसी नायिकाओं के बारे में बता रहे हैं, जो इश्क का दूसरा नाम बन गईं। फिल्मों में इन नायिकाओं ने अपने प्यार के लिए हर हद को पार किया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन प्रेम कहानी वाली फिल्में बनी हैं। कई लव स्टोरी वाली फिल्मों की खास बात यह रही है कि इसमें नायकों के साथ नायिकाओं के किरदार भी यादगार बन गए। जानिए, ऐसी ही कुछ फिल्मी नायिकाओं के बारे में जिन्होंने बड़े पर्दे पर टूटकर प्यार किया। साथ ही दर्शकों के मन पर भी अपने किरदार की एक अमिट छाप छोड़ दी।*

***वीर जारा की जारा:*** *फिल्म 'वीर जारा' में प्रीति जिंटा ने जारा का किरदार निभाया था। यह किरदार एक पाकिस्तानी लड़की का था, जो एक हिंदुस्तानी ऑफिसर वीर (शाहरुख खान) से मोहब्बत करने लगती है। दोनों को किस्मत जुदा कर देती है। जारा को लगता है कि वीर मर चुका है। ऐसे में वह पाकिस्तान छोड़कर भारत आती है और वीर के गांव में बस जाती है, उसके अधूरे सपनों को पूरा करती है। आखिर में वीर और जारा मिल जाते हैं, एक हो जाते हैं।*



***देवदास की पारो-चंद्रमुखी :*** *ऐश्वर्या रॉय और माधुरी दीक्षित ने फिल्म 'देवदास' में पारो और चंद्रमुखी का किरदार निभाया था। दोनों ही नायिकाएं देव (शाहरुख खान) से प्यार करती है। देव के आखिर लम्हों में पारो उससे मिलने के लिए सामाजिक बंधनों को तोड़ने की कोशिश करती है। वहीं चंद्रमुखी, देव का मुश्किल घड़ी में पूरा साथ देती है।*

***दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे की सिमरन :*** *काजोल ने फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में सिमरन का रोल किया था। सिमरन, राज से मोहब्बत करती है। फिल्म के आखिर में वह राज के साथ जाने के लिए पिता द्वारा तय की गई शादी को तोड़ देती है। पिता को भी अपनी मोहब्बत का यकीन दिलाती और राज के पास चली जाती है।*

***'कहो ना प्यार है' की सोनिया सक्सेना :*** *अमीषा पटेल ने अपने कॅरियर की पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' में सोनिया का किरदार निभाया था। सोनिया, रोहित (ऋतिक रोशन) से प्यार करती है। लेकिन, अचानक रोहित की मौत हो जाती है। रोहित के चले जाने का गम सोनिया बर्दाश्त नहीं कर पाती है। बाद में फिल्म में राज की एंट्री होती है, जो बिल्कुल रोहित जैसा दिखता है। लेकिन, राज को सोनिया आसानी से नहीं अपनाती है।*

***परदेस की गंगा-ताल की मानसी :*** *महिमा चौधरी ने फिल्म 'परदेस' में गंगा का रोल किया था, यह किरदार भी हीरो को अहसास कराता है, वह उसे प्यार करता है। फिल्म में लीड रोल शाहरुख खान ने निभाया था। इसी तरह फिल्म 'ताल' में मानसी (ऐश्वर्या राय) भी अपने प्यार को कभी नहीं भूलती है।*

# 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म 'केसरी वीर' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर की है। फिल्म के मेकर्स ने 'केसरी वीर' से जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की हैं, जिनका जिक्र तरण आदर्श की पोस्ट में भी है। 'केसरी वीर' फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय जैसे बॉलीवुड एक्टर्स नजर आने वाले हैं। ये तीनों ही एक्टर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ये भूमिकाएं कैसी होंगी, इसकी डिटेल अभी शेयर नहीं की गई हैं। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं। फिल्म 'केसर वीर' का अभी मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है। लेकिन, 13 फरवरी 2025 को इसका टीजर रिलीज किया जाएगा।




JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.